हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- नालियों में कचरा जाम, बारिश में ओवरफ्लो होकर सड़क पर गंदगी
- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, परिवहन और निष्पादन के लिए रामकी को 3.50 करोड़ महीना



## कचरा सिस्टम....हर साल 60 करोड़ खर्च, फिर भी नालियां जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की सफाई और नाली से कचरा उठाने में नगर निगम सालाना 60 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी शहर का ये हाल है कि नालियों में कचरा जाम होने से सारी गंदगी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहती है। सफाई के लिए अनुबंधित कंपनी को नियम अनुसार लोगों के घरों से रोज गीला और सूखा कचरा अलग-अलग ⏭शेष पेज 13 पर



### मानिटरिंग का सिस्टम ठप, झांकने तक नहीं आते अफसर

शहर में नालियों की सफाई और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में खामियां उजागर होने के बाद भी जोन व मुख्यालय स्तर पर सफाई की प्रापर मानिटरिंग नहीं हो पा रही है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ⏭शेष पेज 13 पर

फैक्ट फाइल

### सिम खरीदी में बरतें सावधानी

## दो-दो दफा थंब और फोटो लेकर हो रही जालसाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेंज साइबर क्राइम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन जालसाजी करने वालों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में दुर्ग के एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पुलिस ने तीन सौ सिम कार्ड जब्त करने के साथ ही बैंक में जमा ⏭शेष पेज 13 पर

### ऐसे फंसा जालसाजों को सिम बेचने वाला

राजेंद्र नगर थाना में पिछले दिनों अमलीडीह निवासी संजय वर्मा ने अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 44 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच में पुलिस की तकनीकी टीम को जानकारी मिली कि संजय के साथ जो ठगी की घटना हुई है, वह सिम कार्ड दुर्ग का ⏭शेष पेज 13 पर

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### शहीद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, शहादत पर यकीन करना मुश्किल

# पिता से कहा था- जल्द हवलदार बनूंगा, बर्थ डे मनाया और फिर पखवाड़ेभर पहले ही मोर्चे पर पहुंचा था भरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नक्सली हमले में शहीद हुए एसटीएफ के जवान मोवा निवासी भरत साहू के परिजनों का घटना की जानकारी मिलने के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। भरत की मां तथा पत्नी को उनकी शहादत पर अब भी यकीन नहीं है। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में मातम पसरा है। पड़ोसियों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, पड़ोस की महिलाएं भरत के घर पहुंचकर शहीद की मां तथा पत्नी को ढांढस बंधाते देखी गईं। पत्नी और मां को रोता देख पड़ोसी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। शहीद जवान के पिता किसी तरह अपने आंसू पर काबू पाते हुए घर आने वाले लोगों से मिलते रहे।

शहीद जवान के बड़े भाई मंशा राम के मुताबिक छह भाई बहनों में भरत चौथे नंबर का भाई है। भरत के तीन बच्चे हैं, जिनमें 11 तथा आठ साल की दो बेटी ⏭शेष पेज 13 पर









### पिता को सुबह सात बजे घटना की जानकारी

भरत के पिता रामा साहू सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मंशा ने अपने बुजुर्ग पिता को रात में घटना की जानकारी देना उचित नहीं समझा। मंशा ने अपने पिता को सुबह सात बजे घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर रामा बदहवास हो गए। मंशा तथा उनके अन्य भाइयों ने अपने पिता को किसी तरह संभाला, तब तक घटना की जानकारी मां तथा पत्नी को भी नहीं थी। मंशा के पिता ने दोनों को सुबह नौ बजे के करीब घटना की जानकारी दी।

### बच्चों की पढ़ाई को लेकर सजग था

शहीद जवान के पिता तथा बड़े भाई के मुताबिक भरत अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर काबिल बनाने की बात कहता था। भरत की अपने पिता तथा भाई से दो दिन पूर्व बात हुई थी, तब भरत ने अपने बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछताछ की थी। साथ ही परिजन में एक विवाह समारोह होना है, उसकी तैयारी को लेकर भरत ने अपने बड़े भाई तथा पिता से बात की थी। अवकाश लेकर भरत जब अपने घर आया था, तो उसने अपने पिता को सब्जी भाजी की खेती करने तथा फार्म हाउस बनाने कृषि भूमि खरीदने की सलाह दी थी।

### प्रमोशन के बाद माना में आने की बात कही थी

शहीद जवान के पिता के मुताबिक उनके बेटे ने बीए तथा आईटीआई की पढ़ाई की है। पढ़ाई पूरी होने के साथ ही भरत का वर्ष 2006-07 में बटालियन में सेलेक्शन हो गया। इसके बाद भरत एसटीएफ में चला गया। शहीद जवान के पिता के अनुसार भरत की बस्तर के अलावा सीमावर्ती महाराष्ट्र के सरहदी क्षेत्र में पोस्टिंग हुई। इस बार भरत अवकाश लेकर घर आया था, तो उसने अपने पिता से कहा था, जल्द ही उसका हेड कांस्टेबल के रूप में प्रमोशन होने वाला है। प्रमोशन के बाद भरत ने अपने पिता को अपनी पोस्टिंग माना बटालियन में कराने की जानकारी दी थी।

### खबर संक्षेप

### महादेव सट्टा का आरोपी 25 तक रिमांड पर

**रायपुर।** महादेव सट्टा एप तथा शराब घोटाला मामले में नकली होलोग्राम जलाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को ईओडब्लू ने गुरुवार को विशेष न्यायालय में पेश किया। महादेव सट्टा संचालित करने के आरोप में पिछले दिनों गिरफ्तार बर्खास्त पुलिसकर्मी सहदेव यादव से पूछताछ करने जांच एजेंसी ने 25 जुलाई तक रिमांड पर लिया है। साथ ही नकली होलोग्राम मामले में गिरफ्तार अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, दीपक ⏭शेष पेज 13 पर




शानदार चल रहा है...
शानदार चल रहा है...
शानदार चल रहा है...
हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट
डिज्नीलैंड मेला
दही हांडी मैदान
में एक बार फिर से
डिज्नीलैंड मेला
खाना, खजाना और मनोरंजन
एक ही जगह में एक साथ
भव्य
राम मंदिर गेट
मेला स्थल-
अवधपुरी (दही हांडी मैदान) श्रीनगर,गुढ़ियारी, रायपुर

## खबर संक्षेप



### गुल्लू मुक्तिधाम में 700 पौधों का किया रोपण

**आरंग।** ग्राम गुल्लू के भाजपा मण्डल मंत्री अशोक यादव के नेतृत्व में "1 पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण जन आंदोलन अभियान का शुभारंभ मुक्तिधाम परिसर गुल्लू में हुआ। कार्यक्रम में अशोक यादव ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़–पौधे की आवश्यकता होती हैं। पेड़–पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमे शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाये रखने के लिए हमे अधिक से अधिक पेड़–पौधें लगाने चाहिए। अशोक यादव ने आगे कहा कि लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है, वृक्ष हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इसमे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है, ऋतु चक्र को संतुलित बनाएं रखने के लिए पेड़–पौधे लगाना और संरक्षण करना अनिवार्य है। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर है। जब भी हो सके सुविधानुसार एक पौधा अवश्य लगाए। यह समाज के लिए आपकी भागीदारी होंगी।

### गौवंश की तस्करी पर सजा प्रावधान स्वागतेय



**आरंग।** शिवसेना जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा ने गौवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही पर छत्तीसगढ़ राज्य के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में गौवंश के बढ़ते तस्करी पर ज्ञापन देकर शासन प्रशासन को अवगत कराया गया था, साथ ही पूरे प्रदेश में गौ तस्करों का पुतला दहन भी किया गया था। शिवसेना नेता ने बताया की डिप्टी सीएम द्वारा गौवंश के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना है। शासन द्वारा लिए गए सभी निर्णय को शिवसैनिकों ने स्वागत योग्य बताया।

### वेयरहाउस कर्मियों की हड़ताल जारी



**तिल्दा नेवरा।** छ. ग. स्टेट वेयरहाऊसिंग कारपोरेशान का अपनी मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल नया रायपुर के तुता गाँव के धरना स्थल में चल रहा है जिसका आज चौथा दिवस था। जिसमें तिल्दा नेवरा वेयरहॉउस के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे, जिसमें ज्योतिप्रकाश वर्मा ने हड़ताल में अपना विचार रखा और संगठन के लिये अपना योगदान दिए।

# कोसरंगी की पावस काव्य गोष्ठी में सरस कविताओं की जमकर हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मधु कलश साहित्य परिषद कोसरंगी (खरोरा) के तत्वाधान में ग्राम कोसरंगी में पावस काव्य गोष्ठी का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। परंपरा अनुसार सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों द्वारा मां वीणापाणि की पूजा काव्य वंदना से की गई। कवि मनीराम ने मधुर स्वरों से मां सरस्वती की वंदना की। सभी अतिथियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्थानीय कवि जुगेशचंद्र दास ने अतिथियों के स्वागत में "आपके आने से" काव्य पाठ का सरस–सुमधुर काव्य–पाठ किया। "पावस काव्य गोष्ठी" के मुख्य अतिथि कवि सुधीर आचार्य की भक्तिमय गीतों ने कवियों को भाव विभोर किया। प्राचार्य गोपत राम टंडन सभापति "जर गे मंझनिया के घाम म, डोंगरी तरी पानी बरसा दे" गीत के सुमधुर तान से सभा को गीतमय बना दिया। चकवे से आए कवि ईश्वर जोशी ने अपने व्यंग्य कविता "रिश्वत" का पाठ कर भ्रष्टाचार पर चोट किया। पलारी से पधारे महान गजलकार पूरन जायसवाल ने "आ जा घटा सांवरे, आ जा मेरे गाँव रे" गीत के गायन से पावस काव्य गोष्ठी की सार्थकता का परिचय दिया। कोसरंगी के युवा गजलकार अशोक दास ने "बच्चों से रोटी जब मिलने लगे, माँ–बाप चुप रहने लगे" से वर्तमान युग में बुजुर्गों की दशा पर चिंतन किया। कवि खेमचंद कुर्रे ने "झनझनहीन बाई" हास्य कविता पढ़कर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया।

## झनझनहीन बाई कविता ने खूब किया मनोरंजन



### खेत-खार सुन्ना होगे नई गिरत हे पानी

मनीराम के गीतों में "खेत खार सुन्ना होगे नई गिरत हे पानी" के मधुर स्वर लहरी से वर्तमान में किसानों की व्यथा पर शानदार प्रस्तुति रही। अल्दा से आए छंदकार मोहनलाल वर्मा छत्तीसगढ़ी में हरिगीतिका छंद "आ जा लौट के गाँव मा" अति ही मधुर स्वरों की गीत प्रस्तुति मन को मोहती है। खरोरा निवासी गजलकार ताहिर अली खान ने "प्यार से प्यार का सामान बनाया जाए जो मुश्किल हो उसे आसान बनाया जाए" बेहद ही मनमोहक प्रस्तुति रही। राष्ट्रीय कवि डॉ. —ष्ण कुमार वर्मा ने हास्य व्यंग्य रचना का पाठ कर सबको हसाया। इस काव्य गोष्ठी में कविगण अशोक दास, मोहनलाल वर्मा, व्याख्याता कवि हरमन बघेल, जितेंद्र निर्मलकर, संतोष धीवर, हरेंद्र साहू, सुखीराम साहू, चंद्रहास सेन, दिनेश वर्मा आदि ने रस, छंद, अलंकार आदि विधाओं के साथ काव्य प्रस्तुति की एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार कवि जुगेश चंद्र दास ने किया।

## विडंबना : तोड़ने के बाद नया भवन तो नहीं बना पर क्षेत्र बन गया है शराबियों का अड्डा

# जर्जर कूंरा स्कूल को तोड़कर किया धराशायी पर नए भवन के लिए नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा / कूंरा

- स्कूल ऑफिस कक्ष को भी तोड़ा गया पर पांच साल बाद भी उसका निर्माण नहीं हुआ
- भवन नहीं होने से स्कूल के संचालन में हो रही दिक्कत, बच्चे हैं परेशान

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा सहित कई स्कूलों को लगभग चार वर्ष पूर्व कलेक्टर से पत्र मिला था कि जर्जर भवनों को तुरंत डिस्मेंटल किया जाए जिसके तहत नगर पंचायत कुरा में एक जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करते हुए भवन को गिरा दिए मगर आज पर्यंत तक उक्त स्कूल निर्माण के लिए शिक्षा विभाग और नगर पंचायत को स्वीकृति नही मिली है नतीजन यह है कि अब उक्त शाला भवन की जमीन खाली पड़ी हुई और शाम होते ही स्कूल मैदान मयखानों में तब्दील हो जाती है। यहां पर विडंबना यह है कि जिम्मेदार विभाग और अफसर मूकदर्शक बने हुए है।

आये दिन पुराने जर्जर स्कुल भवनों में हादसो की घटनाएं सामने आने के बाबजूद लगता है शासन प्रशासन इस दिशा में अब तक गंभीर नहीं है तभी तो कूँरा शासकीय प्राथमिक शाला में 44 साल पुराने भवन में स्कूल का ऑफिस चल रहा है ओर जर्जर कक्ष करीब 5 साल पहले तोड़े गए थे उनका भी अब तक निर्माण नहीं हुआ।

यह दर्द है धरसींवा की कूँरा नगर पंचायत क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शाला का हमारे संवाददाता ने जब इस स्कूल परिसर को देखा तो जहां तहां कचरे में शराब की बोतलें इस बात को प्रमाणित कर रही थी कि विद्या का यह मंदिर अब शराबी गंजेडीयो का अड्डा बन चुका है।

दरअसल इस स्कूल भवन का निर्माण 44 साल पहले तत्कालीन कलेक्टर अजित जोगी के समय हुआ था जिसका उद्घाटन भी अजित जोगी तत्कालीन कलेक्टर ने 1980 में किया था दशकों पुराना होने से जर्जर अवस्था मे आने से एक बिल्डिंग को छोड़कर शेष बिल्डिंग करीब 5 साल पहले तोड़ दी गई।

### नए भवन की मंजूरी नहीं मिली

*बता दे कि बीईओ से मुलाकात तो नहीं हुई लेकिन मोबाइल पर उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के समय मुख्यमंत्री जतन योजनांतर्गत इसका निर्माण हो इसलिए पुराने भवन को तोड़ा गया था लेकिन नए भवन के लिए मंजूरी न मिलने से अब तक काम नहीं हुआ।*

### जर्जर भवन में लग रहा कार्यालय




*44 साल पुरानी एक बिल्डिंग में ऑफिस लग रहा है वह भी जर्जर है।ग्रामीण जुगल अग्रवाल का कहना है कि 500 बच्चों की पढ़ाई भवन न बनने से चौपट हो रही है साथ ही विद्या के इस पवित्र मन्दिर को शराबियो व गजेडीयो ने अपना अड्डा बना किया है और यहां कूंरा जब से नगरपंचायत बना है तब से शिक्षको का दंश स्कूली बच्चे झेल रहे है। वार्ड 3 के पार्षद ढालचंद पाल ने बताया की यह स्कूल भवन जर्जर होने के चलते पिछले पांच सालों से टूटा पड़ा है, जिसके चलते शराब व गांजा पीने वाले लोग उस जगह को अपना अड्डा बना रखे है और देर रात तक वहां बैठे रहते है और इसके नवनिर्माण के लिए शासन प्रशासन को भी कई बार पत्र लिखे जाने के बावजूद शिक्षा विभाग नजर अंदाज कर बैठे हुए है जिनसे जन आक्रोश बढ़ रहे है।*

### संशय कायम

वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार कोसले ने कहा की यह शाला भवन को पांच सालो से टूटा हुआ देख रहा हूं पंचायत के कुछ जवाब दार लोग कहते है की इसका पैसा पास हो गया है पर यह नन्हे बच्चों की पाठ शाला भवन का निर्माण कार्य क्यो प्रारंभ नही हो पा रहा है यह एक सोच का विषय बना हुआ है शाला विकाश समिति के सदस्य एवं पूर्व पार्षद प्रेमलाल ने कहा की हमारे द्वारा इस स्कूल भवन की नवनिर्माण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से लेकर आकस्मिक दौरा में पहुंचे रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह मैने को पत्र दिया उन्होंने गंभीरता से स्पाट निरीक्षण किया जिन्होंने मौके में ही विभाग के अधिकारी को तुरंत कार्य कराने का निर्देशित किया, अब भगवान ही जाने की यह स्कूली बच्चों की शिक्षा की मंदिर कब बनेगा।

### भवन की स्वीकृति नहीं मिली

लगभग चार वर्ष पूर्व कलेक्टर सर से पत्र मिला था कि जर्जर भवन को तोड़ कर नए भवन बनाया जाय जिसके तहत शाला विकास समिति और नगर पंचायत की सयुक्त निर्णय में जर्जर बिल्डिंग हटाया गया है लेकिन अब तक स्कूल भवन निर्माण के लिए स्वीकृति नही मिली है।

- **ढालेंद्र वर्मा,** अध्यक्ष
नगर पंचायत कूंरा

### पत्र लिखकर भवन की मांग की

चार वर्ष पूर्व नगरपंचायत कुरा और शिक्षा विभाग के आदेश पर प्राथमिक शाला की जर्जर भवन को तोड़ा गया था। नगरपंचायत द्वारा विभाग को और जिला प्रशासन को पत्र के माध्यम से नई बिल्डिंग की मांग किया गया है।

- **ललित साहू,** सीएमओ
नगर पंचायत कूंरा

## विधानसभा घेराव को लेकर युवा कांग्रेस की बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजीव भवन आरंग में गुरुवार कोयुवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा द्वारा 24 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव को लेकर बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर द्वारा किया गया। बैठक में घेराव को लेकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि लगातार प्रदेश में बढ़ती अराजकता व लाचार कानून व्यवस्था से प्रदेश की जनता परेशान है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से नहीं चला पा रही है जिसे लेकर 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव रखा गया है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, विधानसभा अध्यक्ष शुभांशू साहू, प्रदेश सचिव राजेश बारले, सचिव चंद्रप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष सत्येंद्र चेलक, उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, भारती देवांगन, मंजू चंद्राकर, ओमप्रकाश यादव, प्रवीण सिंह, हरि बंजारे, देवशरण साहू, दीपक चंद्राकर, खिलावन निषाद, भुनेश्वर यदु, प्रद्युमन शर्मा, रेणु सेन, भरत लोधी, आलोक चंद्राकर, ईश्वर जोगलेकर, लमीनारायण लोधी, सराफत अली, सूरज शर्मा, पप्पू जांगडे, ईश्वर पटेल, सुनील बघेल, अमित जलक्षत्री, पारस चंद्राकर, प्रदीप पटेल, पप्पू तंबोली, सागर जोशी, निखिल वंशे, प्रणय बंसोर, शेखर लोधी, कुलदीप लोधी, बिट्टू सोनी, उमाशंकर निषाद, भीष्म बारले, विनीत पांडे, राकेश मिश्रा, आर्यन जोशी, तरुण मिश्रा, चमन कोशले, हेमा कुर्रे, रामनाथ यदु, जितेंद्र चतुर्वेदी, कुणाल जांगडे, लकी जांगडे, राजा धीवर, राजा बाघ, शिवनारायण साहू, स्वरूप सोनी, ललित बघेल, विजय मारकंडे, दौलत टंडन, गुरुचरण मारी, मिथलेश यदु, नारायण सोनी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव में बच्चों ने ली पौधों को बचाने की शपथ



**आरंग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री रामलाल चन्द्राकर शास. उच्च. माध्य. विद्यालय खौली में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि धनाजीक चंद्राकर ने किया। मुख्य अतिथि संजय शर्मा कबीर जनपद सदस्य ने उपस्थित जनसमूह व बालक–बालिकाओं को नशा मुक्त प्रदेश बनाने का आह्वान करते हुए परिवार के सदस्यों, बड़े बुजुर्गो एवं अन्य जो आपके सामने नशापान करते है को निवेदन करते हुये नशा न करने की बाते कही। बच्चों ने कभी भी नशा से दुर रहने की शपथ ली। सारे बच्चों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर स्कूल परिसर में नीम के 50 वृक्ष, अर्जुन के 50, आंवला के 40, नीबू के 20, सीताफल के 50, पपीता के 30, सीसम के 40, अमरुद के 30, बादाम के 20, कटहल के 30, अमलतास के 50, स्टरपुड़िया के 50, मुनगा के 20 के अतिरिक्त गुलाब, गुलमोहर, रातरानी सभी मिलाकर 450 पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रओं यमुना, विनीता को एक–एक हजार रुपये एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रओं जागृती और दीपिका को पांच–पांच सौ रुपये पुरस्कार दिया गया। साथ ही नवप्रवेशी बालक–बालिकाओं का मुंह मीठा कर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर शिवकुमार चन्द्राकर, सिद्धार्थ पाटकर, उमेश चन्द्राकर, गयाराम चन्द्राकर, भावसिंह वर्मा, उगेश कुमार साहू समन्वयक, हायर सेकेण्डरी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय खौली के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। कार्यकम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालकों, बच्चों का आभार संस्था के प्राचार्य डॉ. देवलाल साहू ने किया। कार्यकम का संचालन व्याख्याता पंचराम साहू एवं गीतांजली अवस्थी ने किया।

## वृहद वृक्षारोपण महाअभियान में 700 से अधिक पौधों का रोपण

**आरंग।** पीपला वेलफेयर फाउंडेशन व भारतीय जनता पार्टी मंडल के संयुक्त संयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम के तहत कलई रोड किनारे करीब दस एकड़ मैदान में 700 से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस महाभियान में भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों तथा पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने पौधरोपण करते हुए सभी को एक पेड़ मां के नाम पर रोपित करने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे लगाने से ज्यादा महत्वपूर्ण इसकी सुरक्षा करना है। पीपला फाउंडेशन के साथियों ने जो बीड़ा उठाया है, वह सराहनीय है। उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए समुचित घेरा, जलापूर्ति के लिए नलकूप खनन, इस स्थान में ओपन जीम लगाने की घोषणा की। वृहद पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए पहुंचे सभी वर्ग के लोगों का स्वागत करते हुए पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक आनंदराम पत्रकारश्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में युवा विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने पीपल के पौधे रोपकर इस अभियान का शुभारंभ किया। यह आक्सीजोन बनकर नगरवासियों को जीवन दायिनी आक्सीजन देगा। फलदार, छायेदार, औषधीय गुणों वाले करीब 700 पौधे रोपे गए। संरक्षक आनंदराम ने पीपला के कार्यों और सेवाभाव की विस्तृत जानकारी दी। विधायक गुरू



खुशवंत साहेब ने नगर में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा लगातार जनसरोकार व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यो की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का बाजे–गाजे के साथ आत्मीय स्वागत किया। रानी पद्मावती महिला संगठन की छत्तीसगढ़ महतारी वाली परिधान व सेल्फी प्वाइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर भाजपा मंडल परिवार के सभी सदस्यों, पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के समस्त सदस्यों, विभिन्न समाज के प्रमुखो, समस्त जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, कोसल साहित्य कला मंच, श्री बागेश्वरनाथ महादेव गौ सेवा धाम समिति, बाजार समिति, राधा कृष्ण मंदिर समिति, विभिन्न महिला समूह की महिलाएं, विभिन्न समाज प्रमुख, नागरिकगण, अधिकारी कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों सहित बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमियों की उपस्थिति व सहभागिता रही। कार्यक्रम का क्रमिक संचालन अशोक साहू और महेन्द्र पटेल ने किया।

## 49 पौवा शराब एवं बाइक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक काला रंग की मोटर सायकल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 25 जे 2356 में अवैध रूप से एक गुलाबी रंग की प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर बिक्री करने हेतु बगदई से सासाहोली तिल्दा की ओर आ रहा है नेवरा पुलिस ओवरब्रिज के पास तिल्दा में पहुँचने पर दो व्यक्ति उक्त नंबर की मोसा में एक गुलाबी रंग के प्लास्टिक बोरी में कुछ सामान रखा हुआ दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते हुये पकडे गये जिन्हें नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमशः 1- रेख लाल धीरे पिता नारायण दास धीरे उम्र 20 साल 02- दीपचंद कोसरिया पिता स्व0 नंदलाल कोसरिया उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्र 9 नेवरा बताये। तलाशी लेने पर मोटर सायकल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 25 जे 2356 के बीच में रखे एक गुलाबी रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 49 पौवा शोले देशी मदिरा मसाला शीलबंद मिला जिसे गवाहो के समक्ष बरामद किया गया। आरोपीगण के संयुक्त कब्जे से उक्त गुलाबी रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 49 पौवा शोले देशी मदिरा मसाला प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई व मोटर सायकल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 25 जे 2356 को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

## पेज 11 के शेष

### कचरा सिस्टम...

डस्टबिन में लेना है, पर कचरे की छंटाई किये बिना घरों व दुकानों का कचरा सीधे लैंडफिल साइट पर भेजा जा रहा है। सड़क और नाली सफाई का काम नगर निगम अपने नियमित सफाई कर्मचारियों से करवा रहा है। इसके एवज में हर महीने उन्हें 1.50 करोड़ का भुगतान करने के बाद भी नालियां जाम पड़ी हैं। ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। दस जोन के 70 वार्ड में सफाई के नाम पर 60 करोड़ रुपए हर साल खर्च करने के बाद भी निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ नहीं बना पाया। 14 लाख की आबादी वाले रायपुर शहर में रोजाना 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट शहर से निकल रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी ने इस कार्य के लिए करीब 250 कचरा गाड़ियों की व्यवस्था की है। इसके बाद भी शहर के कुछ इलाकों में नियमित रूप से कचरा गाड़ी लोगों के घरों तक कचरा उठाने नहीं पहुंच रही। इसकी निगरानी के मामले में निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है। आउटर सहित शहर के कुछ अंदरूनी इलाके ऐसे हैं, जहां संकरी गलियों में गाड़ियां नहीं जा पातीं, वहां कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि नगर निगम इन सभी लोगों से कचरा कलेक्शन के एवज में सालभर का यूजर चार्ज वसूल रहा है।

5 गाड़ियों की जरूरत वहां 3 गाड़ियों से उठा रहे कूड़ा करकट नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड की बसाहट हिसाब से वहां 5 कचरा गाड़ियों की जरूरत है, पर ठेका एजेंसी ने वहां केवल 3 गाड़ियां कचरा कलेक्शन के लिए लगा रखी है। वार्ड पार्षद के साथ ही संबंधित बस्तियों के लोगों ने जोन कमिश्नर और जेडएचओ से 5 गाड़ियों की व्यवस्था कराने एक नहीं, बल्कि कई बार ध्यान आकर्षित कराया, पर गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाइ गई। इसके कारण ओमनगर, सांई नगर, निखिल विहार इलाके में 2 दिन के अंतराल में लोगों के घरों से कचरा उठ रहा है। इसी तरह जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड में सफाई संसाधन की कमी होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित है। डीडीनगर इलाके का भी ऐसा ही हाल है।

### मानिटरिंग का सिस्टम...

वार्डों के सफाई ठेका में निर्धारित संख्या से कम संख्या में कर्मचारी काम पर होने के बाद भी निगम प्रशासन ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान ये बात खुलकर सामने आई हैं।

### दो-दो दफा थंब...

13 लाख रुपए होल्ड कराया है। पुलिस गिरफ्त में आया युवक जालसाजों को तीन से सात हजार रुपए में सिम उपलब्ध कराने का काम करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक पिछले पांच वर्षों से जालसाजों को सिम बेचने का काम कर रहा है। पुलिस के मुताबिक दुर्ग, बघेरा निवासी विक्की देवांगन को फर्जी सिम बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार विक्की हर माह दो सौ के करीब सिम जालसाजों को बेचता था। जालसाज फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से लोगों को शेयर ट्रेडिंग सहित अन्य तरीके से ऑनलाइन जालसाजी करने के साथ अन्य तरह के अपराध करने वालों को बेचता था। विक्की देवांगन एयरटेल कंपनी का सिम बाइक में घूम-घूमकर बेचने का काम करता था। रेंज साइबर पुलिस ने यह कार्रवाई आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर की है।

**ऐसे तैयार करता था फर्जी सिमः** जालसाजों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने जिस युवक को पकड़ा है, वह लोगों की आईडी का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कंपनी से लेता था। विक्की के पास कोई सिम लेने जाता था, तो वह उस व्यक्ति का एक बार थंब इंप्रेसन लेने के बाद थंब इंप्रेसन नहीं आने का झांसा देकर दोबारा थंब इंप्रेसन लेता था। इसी तरह वह सिम लेने वाले का दो फोटो खींचता था और सिम लेने वाले व्यक्ति द्वारा दिए गए आईडी की दो कॉपी तैयार कर उस व्यक्ति के नाम से चोरी छिपे अलग से सिम हासिल कर जालसाजों को बेचता था।

**नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही**

जालसाजों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने के आरोप में दुर्ग के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी लोगों की आईडी का दुरुपयोग कर उनके नाम से दूसरा सिम अलॉट कराकर जालसाजों को तीन से सात हजार रुपए में बेचता था। नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

- **मनोज नायक**, प्रभारी, साइबर रेंज थाना, रायपुर

### ऐसे फंसा जालसाजों को...

है। इसके बाद साइबर पुलिस ने सिम बेचने वाले एजेंट के बारे में जानकारी जुटाई, तब पुलिस को जालसाजों को फर्जी सिम बेचने वाले के बारे में जानकारी मिली।

### पिता से कहा...

और एक दो साल का बेटा है। शहीद जवान के बड़े भाई के मुताबिक रात दो बजे के करीब बटालियन तथा पुलिस के माध्यम से उन्हें रात दो बजे के करीब फोन के माध्यम से जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर भरत ने अपने अन्य भाई तथा बहनों को भरत के नक्सली हमले में शहीद होने की जानकारी दी। मंशा के अनुसार उनका संयुक्त परिवार है। दोनों बहनों की शादी हो गई।

**दादा ने बच्चों को बहलाकर स्कूल रवाना कियाः** शहीद जवान की बड़ी बेटी कक्षा पांच में तथा छोटी बेटी तीसरी में पढ़ाई करती है। सुबह आठ बजे रामा ने अपनी दोनों नातिन को समझाकर तथा बहलाकर स्कूल रवाना किया। शहीद जवान के पड़ोसियों के मुताबिक भरत की पत्नी तथा मां के रोने की आवाज सुनकर वे उनके घर गए, तब उन्हें घटना की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों का रामा के घर आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर तक जारी रहा।

**एक पखवाड़ा पूर्व ड्यूटी ज्वाइन किया**

भरत के पिता के मुताबिक भरत जब भी घर आता था, तो 15 से 20 दिन की छुट्टी लेकर आता था। ऐसा बहुत कम समय रहा है, जब वह एक माह के अवकाश पर घर आया हो। शहीद जवान इस बार एक माह की छुट्टी लेकर घर आया था। 18 दिन पूर्व भरत ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए गया। इस बार भरत घर आया था तो उसका 18 जून को बर्थ डे था। भरत ने बर्थ डे अपने परिजनों के बीच मनाया। भरत के बर्थ डे के एक माह बाद ही परिजनों को शहादत की जानकारी मिली।

पड़ोसियों ने कहा हमने एक सामाजिक कार्यकर्ता खो दिया शहीद जवान के पड़ोसियों के मुताबिक भरत तथा उसका परिवार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाला है। भरत तथा उसके परिवार का वे जिस मोहल्ले में रहते हैं, उनका आज तक किसी के साथ विवाद नहीं हुआ है। भरत के पड़ोसियों के मुताबिक नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए भरत रायपुर में रहे या न रहे, वह चंदा देता था। रायपुर में रहने की स्थिति में भरत दुर्गा पंडाल की सजावट से लेकर अन्य सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता था।

### महादेव सट्टा का...

दुआरी तथा दिलीप पांडेय को कोर्ट के आदेश पर 31 जुलाई तक जेल भेज दिया गया है। कोल घोटाला मामले में जांच एजेंसी शुक्रवार को कोर्ट में चालान पेश करेगी। दस्तावेज पूरी तरह से तैयार नहीं होने की वजह से जांच एजेंसी कोल घोटाला मामले में गुरुवार को चालान पेश नहीं कर पाई।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1603 दिनांक 12.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-11/59, को श्री मोहित सिंह राठोर पिता श्री व्ही. के.एस. राठोर, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 02.06.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री मोहित सिंह राठोर पिता श्री व्ही.के.एस. राठोर, निवासीः- सी.ओ.ई. 202, प्रजापति गार्डन्स, प्लाट नं. 39, डी जवक मार्ट, सेक-5, न्यू पनवेल, पनवेल, रायगड महाराष्ट्र, पिन नं. 410206, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री मनमोहन कुमार पिता स्व. श्री रघुनन्दन शर्मा, निवासीः- नं.-52, कॉग्रेस आफिस के पास, शुभाष नगर पुर्णिया, बिहार, पिन नं. 854301, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-11/59, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, तहसील- मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग )

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2023/2024
ग्राम- बाहनाकाड़ी, प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार पिता मदन लाल, निवासी- शैलेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम- बाहनाकाडी, प.ह.नं.-14, रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील- मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 465 रकबा 0.69 हे. भूमि जो आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका आवेदक को पूर्व में प्राप्त हुआ था, जो असावधानिपूर्वक कही गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप



### सेंट पॉल स्कूल में समृद्धि का सम्मान

**रायपुर।** स्थानीय सेंट पॉल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा समृद्धि यादव का सम्मान किया गया। इसके बाद इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वालों की जीवनी एवं जीवन परिचय को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन तथा सेंट पॉल स्कूल के छात्र शामिल हुए। इसी दौरान स्कूल के प्राचार्य ने इस प्रदर्शनी का मनोबल बढ़ाने के लिए सुरेश मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, राजेंद्र उमठ, पीआर अहीर, चंद्रकांत पांडे, शंकर नायडू, महेश वर्मा, राष्ट्रीय सदस्य अशोक एवं समष्टि यादव को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### एहतेशाम को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने एहतेशाम हुसैन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का



विषय बिजनेस स्टडीज संकाय के अंतर्गत 'इम्पैक्ट ऑफ बजट ऑन सोशियो इकानॉमिक डेवलपमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया' रहा। उन्होंने उनका शोधकार्य एचओडी डॉ. उमेश गुप्ता के निर्देशन में पूर्ण किया। वे सीआईडीसी के अनीस अहमद बारी एवं बेनजीर बारी के पुत्र और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक आफताब हुसैन के बड़े भाई हैं।

### शिवाजी महाराज की महाआरती आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की जाएगी। यह महाआरती शाम 7 बजे प्रारंभ होगी। मंडल में हर महीने 19 तारीख को शिवाजी महाराज की महाआरती की जाती है। इसमें कार्यकारिणी सदस्यों के साथ विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित होते हैं। युवा समिति के प्रभारी विनोद राखुंडे ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद से महाराष्ट्र मंडल के प्रत्येक कार्यक्रम में सभासदों की उपस्थिति में शानदार इजाफा हुआ है। छत्रपति शिवाजी की महाआरती में भी बड़ी संख्या में सभासदों और पदाधिकारी की उपस्थिति का अनुमान है। हर महीने सर्व महाराष्ट्रीयन समाज के पदाधिकारी भी महाआरती में शामिल होते हैं।

## निधन

### डॉ. राकेश शर्मा

**रायपुर।** चौबे कालोनी निवासी डॉ. राकेश शर्मा (69) का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मयंक, मंजरी शर्मा के पिता और पत्रकार राजेश शर्मा एवं राजीव शर्मा के भाई थे।

### ललित कुमार पंडा

**रायपुर।** खम्हारपाली सराईपाली निवासी ललित कुमार पंडा (82)



का 18 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रघुनंदन के पिता, भुवनेश्वर, परमेश्वर के बड़े पिता और सुरेश, हेमंत, रमेश एवं गोपेश के भाई थे।

### डॉ . शिशिर धागमवार

**रायपुर।** वल्लभनगर निवासी डॉ. शिशिर धागमवार का 18 जुलाई को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 19 जुलाई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिता धागमवार के पति और दर्शना, अक्षदा के पिता थे।

# सोना निवेश में ऐसा सोणा, सात माह में 11500 रुपए कीमत बढ़ी, मिल रहा 16 फीसदी मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इस साल तो सोना जहां अब तक सात माह से भी कम समय में साढ़े 11 हजार रुपए तक महंगा हुआ है, वहीं चांदी के दाम 20 हजार तक बढ़े हैं। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। सोने में इस समय 16 और चांदी में 20 फीसदी का मुनाफा हो रहा है। निवेश के मामले में सोने को सबसे ज्यादा खरा माना जाता है। इसके पीछे का कारण यह है कि यह सबसे ज्यादा मुनाफा देता है। एफडी सहित अन्य योजनाओं से इसमें हर साल ज्यादा मुनाफा होता है। इधर बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब डेढ़ साल में सोने की कीमत 24 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 75 हजार तक पहुंच गया है। यानी कीमत में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 76800 हो गई है। वैसे इसके पहले सोना एक बार पहले भी मई में कीमत 76900 तक जा चुकी है। अब कीमत पहली बार 77 हजार तक पहुंचने की संभावना भी है। कारोबारी तो यह संभावना जता रहे हैं कि आने वाले साल में सोना एक लाख तक भी जा सकता है। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो अब 95 हजार तक पहुंच गई है। वैसे चांदी की कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत कभी भी एक लाख तक जा सकती है।

### चांदी की कीमत में हुआ 20 हजार का इजाफा, मिल रहा 20 फीसदी का मुनाफा



#### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं। इतने पैसे में चांदी की कीमत से हिसाब लगाया जाए तो यह करीब 500 किलो होती है। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी में निवेश करने वाले इसको सिल्ली के रूप में खरीदते हैं। यह सिल्ली जिसको चौरसा भी कहा जाता है, यह 500 से 600 ग्राम में आती हैं।

## नोटिस के बावजूद दुकानदार न चावल जमा कर रहे थे, न बदले में राशि

# चावल घोटालाः दो साल बाद कार्रवाई, 4 सस्पेंड 35 राशन दुकानों की संपत्ति कुर्की का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों से हितग्राहियों का चावल गायब करने मामले में दो साल के बाद रायपुर जिले में खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। 39 दुकानों में से 4 दुकानों को निलंबित कर दिया गया है, वहीं 35 दुकानों के खिलाफ आरआरसी जारी किया गया है। इसके तहत इन दुकानदारों की संपत्ति कुर्क कर चावल के बदले राशि वसूल की जानी है। हालांकि विभागीय सूत्रों के अनुसार 35 दुकानों में करीब 28 दुकानों के विरुद्ध एक साल पहले ही आरआरसी जारी किया गया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों की खानापूर्ति कार्रवाई के कारण इन दुकानों के संचालकों से अब तक रिकवरी नहीं हो पाई।

**सितंबर 2022 में हुआ था मामला उजागरः** खाद्य विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 142 उचित मूल्य दुकानों में 14 हजार 5 सौ क्विंटल चावल कम पाया गया था। इसका भंडाफोड़ सितंबर 2022 में हुआ था। विभाग ने जब इस मामले की जांच की, तो पता चला कि दुकान के संचालकों ने ही चावल में हेराफेरी कर बेच दिया था। जांच के बाद विभाग ने सभी दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इस नोटिस के बाद 101 दुकान संचालकों ने 6 हजार 29 क्विंटल गायब चावल के बदले राशि लौटा कर भरपाई की थी, लेकिन 41 दुकानदारों ने नोटिस का जवाब तक नहीं दिया।

खास खबर

### 39 संचालकों से 7971 क्विंटल करना है रिकवरी

*इस मामले में विभाग ने 39 दुकानदारों को दोबारा नोटिस जारी किया था। इन दुकानदारों से 7 सात हजार 971 क्विंटल चावल रिकवरी किया जाना बाकी है।*

### 2 पर एफआईआर दर्ज

*इस मामले में विभाग ने खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत संचालित दो दुकानदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज भी कराई है, जबकि अन्य दुकानदारों को सिर्फ नोटिस जारी किया गया है।*

### 28 दुकानों को पहले ही जारी हो चुका है आरआरसी

*विभाग ने एफआईआर के बाद बचे 39 दुकानदारों को तीन बार नोटिस जारी करने के बाद नोटिस देना बंद कर दिया था। इस बीच कुछ दुकानदार चावल के बदले राशि देने के लिए तैयार भी हुए थे। इस दौरान विभाग ने 28 दुकानों के विरुद्ध आरआरसी जारी किया था। बताया जा रहा है कि आरआरसी जारी होने के बावजूद इन दुकानों से अब तक रिकवरी नहीं हो पाई है।*



**इन दुकानों को किया गया निलंबित**
महामाया मंदिर वार्ड-5 कैलाशपुरी स्थित आईडी क्रमांक- 441001287
बाबू जगजीवनराम वार्ड-53 देवपुरी स्थित आईडी क्रमांक-441001302
तात्यापारा वार्ड-38 स्थित आईडी क्रमांक-441001090
सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड-24 आईडी क्रमांक-441001164

**दो दुकान के विरुद्ध एफआईआर दर्जः** अभनपुर क्षेत्र स्थित आईडी क्रमांक-442002018, 441003002 की दुकानों से 1495 क्विंटल चावल गायब हुआ था। विभाग ने इन दोनों दुकानदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।

**4 दुकानें निलंबित, अन्य दुकानों को भी किया जाएगा**

दुकानों से चावल गायब करने मामले में शहर की 4 दुकानों को निलंबित कर दिया है, शेष दुकानों पर भी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों के तहसीलदारों को इन दुकानों के विरुद्ध आरआरसी जारी कर दिया है, जिस पर कार्रवाई होनी है।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### कई दुकानों के बदल चुके संचालक, वे भी नहीं लौटा रहे राशि

*जिन राशन दुकानों के खिलाफ आरआरसी एवं नोटिस जारी किया गया है, उनमें कई दुकानों के संचालक ही बदल चुके हैं। कार्रवाई के भय से कई संचालक गायब हो गए थे, जिसके कारण उन दुकानों को दूसरी राशन दुकान के संचालकों को इस शर्त पर सौंपा गया था कि गायब चावल की भरपाई वे करेंगे, लेकिन दुकान संचालक की अनुमति मिलने के बाद ये दुकानदार भी गायब चावल के बदले राशि लौटा नहीं रहे हैं, जिसके कारण विभाग इन दुकानदारों पर दबाव भी नहीं बना पा रहा है।*

**इन दुकानों से इतना चावल हुआ था गायब**

| आईडी क्रमांक | गायब चावल (क्विंटल में) |
|---|---|
| **बिरगांव** | |
| 441001080 | 1695.41 |
| 441006002 | 1234.74 |
| **धरसींवा** | |
| 442001002 | 435.49 |
| 442001003 | 58.56 |
| 442001007 | 134.08 |
| 442001010 | 110.2 |
| 442001018 | 208.92 |
| 442001023 | 343.12 |
| 442001024 | 194.52 |
| 442001030 | 288.95 |
| 442001031 | 203.37 |
| 442001032 | 22.69 |
| 442001034 | 223.26 |
| 442001043 | 219.53 |
| 442001047 | 368.35 |
| 442001059 | 200.38 |
| **अभनपुर** | |
| 442002006 | 60.37 |
| 442002007 | 136.06 |
| 442002070 | 129.92 |
| 442002082 | 122.41 |
| **आरंग** | |
| 442003033 | 101.66 |
| 442003054 | 42.38 |
| 442003058 | 61.83 |
| 442003060 | 81.32 |
| 442003085 | 136.88 |
| 442003087 | 76.15 |
| 442003108 | 162.2 |
| 442003113 | 61.76 |
| 442003116 | 70.7 |
| **तिल्दा** | |
| 442004004 | 63.02 |
| 442004042 | 410.11 |
| 442004053 | 37.44 |
| 442004082 | 93.28 |
| 442004085 | 143.53 |
| 442004099 | 39.39 |

## पंडरी, तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे खेलों की प्रैक्टिस करने मिलेगा स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगर निगम तैयारी में जुटा, आयुक्त ने बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का किया निरीक्षण
- युवाओं को क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल खेलने में होगी आसानी

मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर शहर में डेढ़ दर्जन स्थानों पर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने नगर निगम खेल अभ्यास करने सुरक्षित स्थान उपलब्ध करायेगा। पंडरी और तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल प्रेक्टिस के लिए जगह दी जायेगी। इसके लिए बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को पंडरी व तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे युवाओं के लिए तैयार किये जा रहे बैडमिंटन कोर्ट के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बचे फिनिशिंग कार्य को जल्द पूरा कराने निर्देश दिये। इसके साथ ही सर्विस रोड के किनारे सफाई करवाकर वहां आने वाले युवाओं के वाहन पार्किंग की व्यवस्था बनाने की हिदायत दी। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर राके शर्मा, रमेश जायसवाल, संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, राकेश अवधिया, संजय वर्मा, राजेश राठौर उपस्थित रहे।

## बच्चे बिगड़ रहे, स्कूल नहीं जाते, बच्चियों से छेड़खानी शराब दुकान हटाने गांव की महिलाएं हुईं एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छोटे उरला अभनपुर की महिलाओं ने शराब दुकान हटाने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर जिले के अभनपुर ब्लाक के छोटे उरला गांव की महिलाओं ने गांव में संचालित शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान के कारण गांव के बच्चे बिगड़ रहे हैं, वहीं बच्चियों से छेड़खानी भी होती रहती है। महिलाओं ने दुकान को तत्काल दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि उनकी मांग पर अपर कलेक्टर ने समस्या का जल्द निराकरण करने उन्हें आश्वासन दिया है।




### गांव में सिर्फ प्रायमरी स्कूल, वह भी 3 किलोमीटर दूर

*छोटे उरला गांव की करीब 25-30 महिलाएं एकजुट होकर कलेक्टोरेट पहुंची थीं। इनमें शामिल चमेली साहू, रमा यादव, यशोदा, चंद्रकुमारी ने बताया कि गांव में सिर्फ प्रायमरी स्कूल है, वह भी गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर है। इस स्कूल के पहले शासकीय शराब दुकान है। बच्चे इस शराब दुकान से गुजरकर स्कूल जाना-आना करते हैं। इस दौरान शराब दुकान के पास शराबी कई बार बच्चियों तथा महिलाओं से छेड़खानी भी कर चुके हैं। यही नहीं, शराब पीने के बाद खाली बोतलें शराब दुकान के पास ही फेंक दी जाती हैं। इन खाली बोतलों के कारण कई बार बच्चे स्कूल भी नहीं जाते। खाली बोतल को बीनकर बच्चे उसे बेचने के लिए कबाड़ी दुकान चले जाते हैं। कुछ बच्चे तो बोतल में बची थोड़ी शराब तक पी चुके हैं। महिलाओं की मांग के समर्थन में सामाजिक संगठन डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ऑल इंडिया की जिला प्रभारी मधु साहू, जितेंद्र साहू,नंदकुमार साहू सहित अन्य सदस्य भी कलेक्टोरेट पहुंचे थे।*

## अवैध कब्जा हटवाने निगम आयुक्त सड़क पर सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिप्टी कमिश्नर, जोन कमिश्नर के साथ निगम अमला दिखा एलर्ट मोड में

शहर में एक अरसे बाद निगम अमला सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जा कर सड़क यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ एक्शन मोड में नजर आया। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा विभागीय अफसरों के साथ टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल चले। इस दौरान जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने 5 बड़े फर्मों पर 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना किया। 8 संस्थानों से गंदगी फैलाने पर 21,500 रुपये जुर्माना लगाया। राजधानी के टिकरापारा सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका चौक तक



सड़क के दोनों ओर ठेला-खोमचा, गुमटी लगाने और सड़क कब्जा कर गाड़ियों की अवैध पार्किंग करने वालों पर निगम अमले ने कड़ाई बरती। इस दौरान नालियों पर किये कब्जों को हटाया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दोनों ओर की सड़क को पूरी तरह कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही यातायात पुलिस के साथ मिलकर तत्काल करने के निर्देश दिये। आयुक्त के आदेश पर जोन 6 अमले ने 5 बड़े फर्मो से सड़क बाधा शुल्क वसूलने की कार्रवाई की। इनमें संजय गोयल पर 10 हजार रुपये, आरसन आटो पर 20 हजार, बाफना मोटर्स पर 30 हजार रुपये, एसके ट्रेडर्स पर 5 हजार और एलन कोचिंग पर 40 हजार रुपये रुपए इस प्रकार कुल 1,05000 रुपये का जुर्माना सड़क बाधा शुल्क के रूप में वसूला गया। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर जोन 6 नगर निवेष विभाग विभाग ने जुर्माना वसूल किया।

### जुर्माना यहां भी

*जोन 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी व कचरा फैलाने पर आवासीय क्षेत्र में संचालित अवैध डेयरी के संचालक पर 5 हजार रुपये, टाइल्स दुकान संचालक अनिल राय पर 5 हजार, होटल संचालक धनराज साहू पर 2 हजार, साहू रेडीएट होटल पर 500 रुपये, लक्ष्मी नारायण दुकान पर 1,500 रुपये,प्लाई दुकान के संचालक पर 500 रुपये, पचपेड़ी नाका मार्बल लाइन में दुकान संचालक सुनील साहू पर 2 हजार, जैन मार्बल्स पर 5 हजार रुपये जुर्माना किया है। सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से लेकर पचपेड़ी नाका चौक तक पैदल भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएसअग्रवाल, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, राजेश राठौर, संजय वर्मा, सहायक अभियंता नगर निवेष नीतिश झा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा, उपअभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर शामिल रहे।*

## पेज 11 के शेष

### कचरा सिस्टम...

डस्टबिन में लेना है, पर कचरे की छंटाई किये बिना घरों व दुकानों का कचरा सीधे लैंडफिल साइट पर भेजा जा रहा है। सड़क और नाली सफाई का काम नगर निगम अपने नियमित सफाई कर्मचारियों से करवा रहा है। इसके एवज में हर महीने उन्हें 1.50 करोड़ का भुगतान करने के बाद भी नालियां जाम पड़ी हैं। ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। दस जोन के 70 वार्ड में सफाई के नाम पर 60 करोड़ रुपए हर साल खर्च करने के बाद भी निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ नहीं बना पाया। 14 लाख की आबादी वाले रायपुर शहर में रोजाना 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट शहर से निकल रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी ने इस कार्य के लिए करीब 250 कचरा गाड़ियों की व्यवस्था की है। इसके बाद भी शहर के कुछ इलाकों में नियमित रूप से कचरा गाड़ी लोगों के घरों तक कचरा उठाने नहीं पहुंच रही। इसकी निगरानी के मामले में निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है। आउटर सहित शहर के कुछ अंदरूनी इलाके ऐसे हैं, जहां संकरी गलियों में गाड़ियां नहीं जा पातीं, वहां कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि नगर निगम इन सभी लोगों से कचरा कलेक्शन के एवज में सालभर का यूजर चार्ज वसूल रहा है।
5 गाड़ियों की जरूरत वहां 3 गाड़ियों से उठा रहे कूड़ा करकट नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड की बसाहट हिसाब से वहां 5 कचरा गाड़ियों की जरूरत है, पर ठेका एजेंसी ने वहां केवल 3 गाड़ियां कचरा कलेक्शन के लिए लगा रखी है। वार्ड पार्षद के साथ ही संबंधित बस्तियों के लोगों ने जोन कमिश्नर और जेडएचओ से 5 गाड़ियों की व्यवस्था कराने एक नहीं, बल्कि कई बार ध्यान आकर्षित कराया, पर गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाइ गई। इसके कारण ओमनगर, सांई नगर, निखिल विहार इलाके में 2 दिन के अंतराल में लोगों के घरों से कचरा उठ रहा है। इसी तरह जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड में सफाई संसाधन की कमी होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित है। डीडीनगर इलाके का भी ऐसा ही हाल है।

### मानिटरिंग का सिस्टम...

वार्डों के सफाई ठेका में निर्धारित संख्या से कम संख्या में कर्मचारी काम पर होने के बाद भी निगम प्रशासन ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान ये बात खुलकर सामने आई हैं।

### दो-दो दफा थंब...

13 लाख रुपए होल्ड कराया है। पुलिस गिरफ्त में आया युवक जालसाजों को तीन से सात हजार रुपए में सिम उपलब्ध कराने का काम करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक पिछले पांच वर्षों से जालसाजों को सिम बेचने का काम कर रहा है। पुलिस के मुताबिक दुर्ग, बघेरा निवासी विक्की देवांगन को फर्जी सिम बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार विक्की हर माह दो सौ के करीब सिम जालसाजों को बेचता था। जालसाज फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से लोगों को शेयर ट्रेडिंग सहित अन्य तरीके से ऑनलाइन जालसाजी करने के साथ अन्य तरह के अपराध करने वालों को बेचता था। विक्की देवांगन एयरटेल कंपनी का सिम बाइक में घूम-घूमकर बेचने का काम करता था। रेंज साइबर पुलिस ने यह कार्रवाई आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर की है।
**ऐसे तैयार करता था फर्जी सिमः** जालसाजों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने जिस युवक को पकड़ा है, वह लोगों की आईडी का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कंपनी से लेता था। विक्की के पास कोई सिम लेने जाता था, तो वह उस व्यक्ति का एक बार थंब इंप्रेसन लेने के बाद थंब इंप्रेसन नहीं आने का झांसा देकर दोबारा थंब इंप्रेसन लेता था। इसी तरह वह सिम लेने वाले का दो फोटो खींचता था और सिम लेने वाले व्यक्ति द्वारा दिए गए आईडी की दो कॉपी तैयार कर उस व्यक्ति के नाम से चोरी छिपे अलग से सिम हासिल कर जालसाजों को बेचता था।
**नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही**
जालसाजों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने के आरोप में दुर्ग के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी लोगों की आईडी का दुरुपयोग कर उनके नाम से दूसरा सिम अलॉट कराकर जालसाजों को तीन से सात हजार रुपए में बेचता था। नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।
**- मनोज नायक, प्रभारी, साइबर रेंज थाना, रायपुर**

### ऐसे फंसा जालसाजों को...

है। इसके बाद साइबर पुलिस ने सिम बेचने वाले एजेंट के बारे में जानकारी जुटाई, तब पुलिस को जालसाजों को फर्जी सिम बेचने वाले के बारे में जानकारी मिली।

### पिता से कहा...

और एक दो साल का बेटा है। शहीद जवान के बड़े भाई के मुताबिक रात दो बजे के करीब बटालियन तथा पुलिस के माध्यम से उन्हें रात दो बजे के करीब फोन के माध्यम से जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर भरत ने अपने अन्य भाई तथा बहनों को भरत के नक्सली हमले में शहीद होने की जानकारी दी। मंशा के अनुसार उनका संयुक्त परिवार है। दोनों बहनों की शादी हो गई।
**दादा ने बच्चों को बहलाकर स्कूल रवाना कियाः** शहीद जवान की बड़ी बेटी कक्षा पांच में तथा छोटी बेटी तीसरी में पढ़ाई करती है। सुबह आठ बजे रामा ने अपनी दोनों नातिन को समझाकर तथा बहलाकर स्कूल रवाना किया। शहीद जवान के पड़ोसियों के मुताबिक भरत की पत्नी तथा मां के रोने की आवाज सुनकर वे उनके घर गए, तब उन्हें घटना की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों का रामा के घर आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर तक जारी रहा।
**एक पखवाड़ा पूर्व ड्यूटी ज्वाइन किया**
भरत के पिता के मुताबिक भरत जब भी घर आता था, तो 15 से 20 दिन की छुट्टी लेकर आता था। ऐसा बहुत कम समय रहा है, जब वह एक माह के अवकाश पर घर आया हो। शहीद जवान इस बार एक माह की छुट्टी लेकर घर आया था। 18 दिन पूर्व भरत ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए गया। इस बार भरत घर आया था तो उसका 18 जून को बर्थ डे था। भरत ने बर्थ डे अपने परिजनों के बीच मनाया। भरत के बर्थ डे के एक माह बाद ही परिजनों को शहादत की जानकारी मिली।
पड़ोसियों ने कहा हमने एक सामाजिक कार्यकर्ता खो दिया
शहीद जवान के पड़ोसियों के मुताबिक भरत तथा उसका परिवार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाला है। भरत तथा उसके परिवार का वे जिस मोहल्ले में रहते हैं, उनका आज तक किसी के साथ विवाद नहीं हुआ है। भरत के पड़ोसियों के मुताबिक नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए भरत रायपुर में रहे या न रहे, वह चंदा देता था। रायपुर में रहने की स्थिति में भरत दुर्गा पंडाल की सजावट से लेकर अन्य सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता था।

### महादेव सट्टा का...

दुआरी तथा दिलीप पांडेय को कोर्ट के आदेश पर 31 जुलाई तक जेल भेज दिया गया है। कोल घोटाला मामले में जांच एजेंसी शुक्रवार को कोर्ट में चालान पेश करेगी। दस्तावेज पूरी तरह से तैयार नहीं होने की वजह से जांच एजेंसी कोल घोटाला मामले में गुरुवार को चालान पेश नहीं कर पाई।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1603 दिनांक 12.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-11/59, को श्री मोहित सिंह राठोर पिता श्री व्ही. के.एस. राठोर, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 02.06.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री मोहित सिंह राठोर पिता श्री व्ही.के.एस. राठोर, निवासीः- सी.ओ.ई. 202, प्रजापति गार्डन्स, प्लाट नं. 39, डी जवक मार्ट, सेक-5, न्यू पनवेल, पनवेल, रायगड महाराष्ट्र, पिन नं. 410206, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री मनमोहन कुमार पिता स्व. श्री रघुनन्दन शर्मा, निवासीः- नं.-52, कॉग्रेस आफिस के पास, शुभाष नगर पुर्णिया, बिहार, पिन नं. 854301, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-11/59, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष भूपेश ने लगाई याचिका



रायपुर। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय पर महादेव सट्टा एप को लेकर लोकसभा में गलतबयानी का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष याचिका प्रस्तुत की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि न्याय मिलेगा और सांसद अपने बयान के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के वकील सुमीर सोढ़ी ने भूपेश बघेल की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर सांसद संतोष पांडेय द्वारा 2 जुलाई को सदन में महादेव सट्टा एप को लेकर दिए गए बयान के संबंध में एक याचिका प्रस्तुत की है।

### कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में भूपेश पड़े अलग-थलग

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलग-थलग पड़ गए हैं।



सत्ता में रहते हुए सत्ता व संगठन में तालमेल नहीं रहने के कारण कांग्रेस पहले भी कई गुटों में बंटी नजर आ रही थी और हालात आज भी वही, या कहें कि उससे भी बदतर हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की यह अंदरूनी तकरार अब मौके-बेमौके खुलकर सामने आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, सत्ताकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल के बीच की अंतर्कलह हो या फिर जयसिंह अग्रवाल के साथ मनभेद हो, आज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा का मनमुटाव हो, कांग्रेस संघर्ष से उबरने का नाम ही नहीं ले रही है।

### अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य में पैर पसार रहे सरकार बनी मूकदर्शक

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा और सरकार में बैठे हुये लोगों को कानून व्यवस्था ठीक लग रही है। बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग, गुंडागर्दी की खबरें रोज आ रही हैं। गैंगवार हो रहे हैं, दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं।



भाजपाई दृष्टिदोष का शिकार हो गये हैं। उन्हें आम आदमी की परेशानी दिखाई नहीं पड़ रही है। अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य मे पैर पसार रहे हैं, सरकार है कि मूकदर्शक बनी हुई है। अवैध कारोबार, भू-माफिया, रेत माफिया, गांजा और ड्रग्स तस्कर, मानव तस्करों का बोलबाला था। आज फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस सरकार में जो मजबूत कानून व्यवस्था थी, उसे 6 महीने में ही साय सरकार ने पलीता लगा दिया है।

### आरंग मामले में अपराधियों को बचाने आरोपपत्र में लीपापोती : कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आरंग के मामले में पुलिस ने अपराधियों को बचाने आरोपपत्र में लीपा पोती की है। मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिये। भाजपा सरकार की नीयत शुरू से आरोपियों को बचाने की थी,



पहले हत्या के बदले सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज किया गया, अब आरोपपत्र में पुल से कूदने के कारण घायल होकर मौत होना बताया गया है। पुलिस के आरोपपत्र से साफ हो गया है कि भाजपा सरकार हत्या जैसे घिनौने क्रूर अपराध के आरोपियों को बचाना चाहती है। दहशत गर्दो ने सरेआम कुछ लोगों पर लाठियों, डंडों और धारदार हथियार से हमला बोला था, जिनमें तीन की जान गयी। गंभीर आपराधिक मामले में पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ हत्या को मुकदमा दर्ज करने के बजाय सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा आरोपपत्र में पुल से कूदने से मौत बताकर अपराधियों को कोर्ट से छूट जाने का रास्ता तैयार किया गया है।

# वनाधिकार पट्टाधारी की मौत के बाद वारिसानों को हस्तांतरण की प्रक्रिया तय

## कैबिनेट की बैठक में लिया गया था फैसला, राजस्व और वन विभाग करेंगे हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वनाधिकार पट्टाधारियों की मौत के बाद उनके वारिसानों को काबिज भूमि के हस्तांतरण संबंधी प्रक्रिया राज्य सरकार ने तय कर दी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में नीतिगत निर्णय लिया गया था। इस सरकार ने क्रियान्वयन करते हुए प्रक्रिया तय की है। विधिक वारिसान द्वारा काबिज वन भूमि जिस विभाग के अभिलेखों में दर्ज है, उसके आधार पर आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारी तहसीलदार (राजस्व विभाग) या रेंज ऑफिसर (वन विभाग को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा आगे की कार्यवाही तय की जाएगी। वन अधिकार मान्यता पत्रधारक का निधन होने पर कैफियत कालम में दर्ज संशोधन पर राजस्व विभाग और वन विभाग किस प्रकार काम करेंगे ये तय किया गया है। वन अधिकार पत्र धारी के विधिक वारिसान द्वारा फौती नामांतरण, संशोधन के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन तथा घोषणा पत्र (राजस्व विभाग) तहसीलदार को प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें वन अधिकार पत्र धारक का मृत्यु प्रमाणपत्र, या ग्राम पंचायत, ग्राम सभा का मृत्यु के संबंध में प्रमाणपत्र, सभी वारिसानों का आधार, वोटर आईडी एवं मोबाईल नंबर देना होगा। यदि भूमि वन विभाग के अभिलेख में दर्ज है तो यही दस्तावेज वन विभाग के रेंज आफिसर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।



### ऐसे जारी होगी ऋण वनाधिकार पुस्तिका

राजस्व विभाग के अभिलेख में वनाधिकार पत्र होने की स्थिति में विधिक वारिसान का नाम दर्ज करने के लिए छग भू-राजस्व संहित 1959 की धारा 110 की भांति प्रकरण दर्ज किया जाकर धारा 110 के अधीन बने नियमों का पालन करते हुए प्रकरण का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा। मूल रूप से जारी वन अधिकार पत्र की स्व प्रमाणित सत्यापित छायाप्रति एवं वन अधिकार पुस्तिका प्रकरण के साथ संलग्न किया जाएगा तथा परीक्षण के बाद वन अधिकार पुस्तिका में फौती नामांतरण का इंद्राज किया जाएगा। वारिसानों को संशोधित वनअधिकार पुस्तिका जारी की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में तहसील द्वारा पारित आदेश के तहत वन अधिकार पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेख (अधिकार अभिलेख) को अपडेट किया जाएगा। यह कार्यवाही तीन माह में पूरी होगी। यदि वनाधिकार पत्र वन विभाग के अभिलेख में दर्ज है, तो विधिक वारिसान को वनाधिकार पत्र की स्वप्रमाणित प्रति एवं वन अधिकार पुस्तिका रेंज अफसर को प्रस्तुत की जाएगी। इसके परीक्षण के बाद 30 दिनों में आदेश पारित किया जाएगा तथा वन अधिकार पुस्तिका में फौती नामांतरण का इंद्राज किया जाएगा। रेंज ऑफिसर द्वारा पारित आदेश के तहत वन अधिकार पुस्तिका एवं वन अभिलेखों को अपडेट किया जाएगा। यह कार्यवाही 30 दिनों में पूरी होगी। विवादित प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी वन द्वारा संबंधित पक्षकारों की सुनवाई के बाद पारित आदेश अनुसार रेंजर द्वारा नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए कमजोर बूथों को किया जाएगा मजबूत

# भाजपा की 70 फीसदी बूथ की कुंडली तैयार माह के अंत तक सभी की बन जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश संगठन ने लोकसभा चुनाव में एक-एक बूथ में मिले मतों को लेकर रिपोर्ट बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसके लिए विधानसभा और जिलेवार एक-एक नेता को जिम्मा दिया गया है। जहां रायपुर का जिम्मा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है, वहीं महासमुंद का जिम्मा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को दिया गया है। सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जिलों में बैठकें लेकर बूथों की रिपोर्ट बनवाने का काम कर रहे हैं। अब तक 70 फीसदी विधानसभाओं में बैठकें हो गई हैं, बूथों की कुंडली तैयार हो गई है। राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में गिनती के ही बूथ कमजोर पाए गए हैं, जहां पर कम मत मिले हैं, अन्यथा हर बूथ में भाजपा को लोकसभा के चुनाव में बढ़त मिली है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ 11 में से 10 सीटें लगी हैं। इतना सब होने के बाद भी भाजपा प्रदेश ने हर लोकसभा का विश्लेषण कराने का काम प्रारंभ किया है। इसके पीछे सबसे कारण आने वाले समय में होने वाला नगरीय निकाय चुनाव है। भाजपा अब अपनी पूरी ताकत नगरीय निकाय चुनाव में झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश कार्यसमिति में इसको लेकर चर्चा की गई है।



### 70 फीसदी में बैठकें हो चुकीं

प्रदेश की 90 विधानसभाओं में से 70 फीसदी में बैठकें हो गई हैं। बूथों की जानकारी भी आ रही है। इस माह के अंत तक बैठकें पूरी हो जाएंगी और बूथों की जानकारी भी आ जाएगी।

**- संजय श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री भाजपा

### राजधानी के बूथ मजबूत

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं का जिम्मा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है। इन विधानसभाओं के हर बूथ की कुंडली बनाने का काम हो गया है। इसकी रिपोर्ट भी लगातार मिल रही है। श्री साहू के मुताबिक लोकसभा चुनाव में भाजपा को राजधानी की चारों विधानसभाओं के ज्यादातर बूथों में बढ़त ही मिली है। कुछ ही बूथ ऐसे हैं जहां पर बढ़त नहीं मिली है। इसके पीछे का कारण देखा जा रहा है। इन बूथों को भी मजबूत किया जाएगा। आने वाले समय में बैठक होगी तो इस बूथों को लेकर रणनीति बनेगी।

### कमजोर बूथों पर नजरें

प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में किस बूथ में कितने मत मिले हैं इसको लेकर पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद, विधायक और अन्य नेताओं को एक-एक जिला देकर उनसे बैठकें लेने कहा गया है। सभी नेता बैठकें लेने में जुट गए हैं। प्रदेश संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को महासमुंद जिला मिला है। इस जिले की लोकसभा की विधानसभाओं के एक-एक बूथ की कुंडली बनाने का काम करने के लिए बैठक ली गई है। इसी तरह से हर लोकसभा के विधानसभाओं के बूथों की कुंडली तैयार की जा रही है। इसमें देखा जा रहा है कि किस बूथ में कितने वोट मिले हैं। जिन बूथों में कम वोट मिले हैं, उनकी सूची बनाकर संगठन के सामने रखी जाएगी। इसी के साथ यह रिपोर्ट भी रखी जाएगी कि बूथों में कम वोट मिलने का कारण क्या रहा है। इसके बाद इन बूथों की कमियों को दूर करते हुए बूथों को मजबूत करने का काम किया जाएगा, ताकि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को परेशानी न हो।

## शहरी आजीविका मिशन

# छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्यमंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए।



### ये निकाय हुए पुरस्कृत

दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### साय, साव ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है।

# घायल जवानों से सीएम साय ने की मुलाकात, बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली दौरे से लौटने के तुरंत बाद बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में घायल एसटीएफ के 4 जवानों का कुशलक्षेम पूछने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी साथ थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों का हालचाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने जवानों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए दो जवानों को नमन करते हुए कहा कि हम माओवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी मजबूती के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने घायल जवानों के अदम्य साहस की प्रशंसा की और उनका मनोबल बढ़ाया।

### डिप्टी सीएम नहीं मनाएंगे जन्मदिन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा इस दर्दनाक घटना से आहत हैं। उन्होंने 19 जुलाई को अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है। उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी अपील की है कि आज जब उनके भाई शहीद हुए हैं, तब उनका मन आहत व व्यथित है।


# कैबिनेट आज, मानसून सत्र की तैयारियों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में होगी। कैबिनेट में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। पांच दिन के मानसून सत्र में राज्य सरकार के वित्तीय और विधायी कार्य को लेकर तय किए गए विषयों की स्वीकृति कैबिनेट में मिलेगी। अन्य विषयों पर भी कैबिनेट निर्णय लेगी।

मंत्रालय में दोपहर 3 बजे होने वाली बैठक में सत्र की तैयारियों को लेकर विभागीय जानकारी लाएगी। मानसून सत्र में सरकार अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी है। राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगरीय निकायों में अध्यक्ष, महापौर चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किए जाने को लेकर संशोधन विधेयक सरकार लाएगी। कैबिनेट की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। वहीं नक्सलवाद पुनर्वास नीति को लेकर राज्य सरकार संशोधन विधेयक ला सकती है। आबकारी विभाग में नई शराब नीति के तहत नियमों में संशोधन करेगी।

### तीन-चार विधेयक पेश किए जाने तैयारी



### अन्य विषयों पर भी होगी चर्चा

22 जुलाई से होने वाले सत्र को लेकर आने वाले मामलों और विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में कैबिनेट में चर्चा की जाएगी। वहीं अन्य विभागों के मामलों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

# मूणत विधायक निधि का पूरा पैसा रायपुर पश्चिम के स्कूलों के विकास में लगाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम में सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदलने की मुहिम तेज करते हुए गुरुवार को बड़ी घोषणा की है। सरोना स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर पहुंचे श्री मूणत ने ऐलान किया कि उनकी विधायक निधि का पूरा पैसा रायपुर पश्चिम के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प पर खर्च किया जाएगा, ताकि यहां के सरकारी स्कूलों की सुविधाएं प्राइवेट जैसी की जा सकें।

सरोना स्कूल में बच्चों की बुनियादी आवश्कताओं और सुविधाओं के लिए उन्होंने शेड निर्माण के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपए, लैब बनाने के लिए 10 लाख रुपए , क्लासरूम में टाइल्स लगाने के लिए 5 लाख रुपए, कंप्यूटर खरीदने के लिए 5 लाख रुपए तथा पूरे स्कूल परिसर में पेवर ब्लाक लगाने के लिए भी 5 लाख रुपए की घोषणा भी की। श्री मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अभी सरकारी स्कूलों को प्राइवेट की तरह डेवलप करने का मिशन छेड़ रखा है। इसके तहत वे पिछले कई दिनों से हफ्ते में चार-पांच दिन अलग-अलग स्कूलों में पहुंच रहे हैं, और वहां की जरूरतों का पता लगा रहे हैं। यह भी देख रहे हैं कि पानी, बिजली, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, टायलेट, क्लासरूम और फर्नीचर में से ऐसी कौन सी सुविधाएं हैं, जिनकी स्कूल में कमी है, जिसे तुरंत पूरा करने की जरूरत है। इन जरूरतों को वहीं सूचीबद्ध करके श्री मूणत विधायक निधि से तुरंत फंड की घोषणा भी कर रहे हैं। श्री मूणत का मकसद रायपुर पश्चिम के सभी सरकारी स्कूलों को युद्धस्तर पर इसी सत्र में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, जैसी प्राइवेट स्कूल दे रहे हैं।

### सरकारी स्कूलों को प्राइवेट जैसा बनाने की योजना



# जैतखाम तोड़े जाने की न्यायिक जांच शुरू, आयोग के अध्यक्ष पहुंचे घटनास्थल, किया निरीक्षण

## बलौदाबाजार कलेक्टर-एसपी से ली घटना के संबंध में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर आज से शुरू हो गई है। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचकर अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखे एवं अपर कलेक्टर को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसके बाद श्री बाजपेयी ने ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित जैतखाम तोड़े जाने वाले घटना स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा, बलौदाबाजार में ही जांच आयोग की सुनवाई होगी, इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। कक्ष क्रमांक 1 को सीबी बाजपेयी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, कक्ष क्रमांक 2 न्यायालयीन उपयोग के लिए एवं कक्ष क्रमांक 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफ के लिए आबंटित किया गया है। उन्होंने कहा, सभी पक्षों से शपथपत्र में जानकारी ली जाएगी, इसके बाद बयान और प्रति परीक्षण की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि 10 जून को बलौदाबाजार आगजनी के मामले में प्रमुख आरोपी सहित 163 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर जिला पुलिस ने धरना प्रदर्शन के दिन के वीडिया फूटेज देखकर अरोपियों की पहचान कर पुलिस ने रिमांड में लिया है। उनसे पूछताछ के बाद कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं कई अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज कर रही है।

## जिलों में प्रभारियों को दी गई भीड़ लाने की जिम्मेदारी

# विस घेराव 24 को, प्रदेशभर से जुटेंगे 25 हजार कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट पाट, हत्या एवं विगत दिनों बलौदाबाजार में हुई आगजनी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव को सफल बनाने की रूपरेखा बनाई है। तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश से 25 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए सभी जिलों में प्रभारी तय किए गए हैं। सभी जिला प्रभारियों को तत्काल बैठक कर तैयारी का जायेजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उस जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता घेराव में शामिल हों, ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। घेराव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की रणनीति बनाई है। सभी जिलों से अधिक से अधिक लोगों को राजधानी पहुंचने को लेकर टारगेट तय किया गया है। राजधानी रायपुर के मंडी गेट पंडरी में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी जिला, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है।



### वार्डों में की जाएगी अपील

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये गये हैं कि वार्ड में लाउड स्पीकर के माध्यम से आम जनता को इस आंदोलन के बारे में बताकर उनको अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील करें। वहीं शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज इस मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। यह बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी।

### रायपुर प्रतिमा, बिलासपुर के प्रभारी बने सुबोध

ब्लॉक अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में भीड़ लाने के भी निर्देश दिए गये हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा घेराव की तैयारियां तेज कर दी हैं, इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और महामंत्रियों की जिला स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। रायपुर जिले की जिम्मेदारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर को दी गई है और बिलासपुर जिले की जिम्मदारी प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल को सौंपी गई है। बलौदाबाजार जिले में प्रदेश महामंत्री दीपक मिश्रा, महासमुंद जिले में कन्हैया अग्रवाल, दुर्ग जिले में सीमा वर्मा, सक्ति में गुरुमुख सिंह होरा, रायगढ़ जिले का पीआर खुंटे को प्रभारी बनाया गया है।


माननीय
विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता, बेमेतरा

## खबर संक्षेप



### जाल देख मछली के लालच में शराबी की तालाब में डूबने से मौत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में बूढ़ा तालाब में जाल देख एक शराबी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना गुरुवार देर शाम सवा सात बजे की है। युवक की लाश को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर तालाब से बाहर निकाला है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के पुजारी नगर निवासी बबलू मरकाम की तालाब में डूबने से मौत हुई है। घटना दिनांक को वह शराब के नशे में धुत्त होकर जा रहा था। इसी दौरान मारवाड़ी श्मशान घाट के पास बबलू ने तालाब में मछली फंसाने वाला जाल देखा। जाल देखने पर बबलू को आशंका हुई, जाल में कोई मछली फंसी होगी। मछली पकड़ने के लालच में वह तालाब में कूद गया। तालाब में कूदने पर बबलू मछली पकड़ने वाले जाल में बुरी तरह से फंस गया और वह पानी से बाहर निकल नहीं पाया। उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक युवक के तालाब से बाहर नहीं निकलने पर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से बबलू की लाश को तालाब से बाहर निकाला।

### वंदना ऑटो से सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर वाहन पार्क, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-7 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता ने यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में सड़क पर वाहन पार्क करने वालों पर कड़ाई बरती। नियम विपरीत गाड़ी पार्क करने पर 7 फर्मों से 80 हजार रुपए जुर्माना वसूला। राजधानी के जीई मार्ग पर वंदना बजाज ऑटो से लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर फर्म की गाड़ियां नियम विपरीत पार्क किए जाने पर 7 बड़े फर्मों पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। इसमें छत्तीसगढ़ ऑटो डील, ओला शोरूम, गरीब नवाज गैरेज, अन्या शॉप से 10-10 हजार रुपये, विदेशी मदिरा दुकान, कार श्रृंगार से 20-20 हजार रुपये और लेंस ट्रेक शॉप से 5 हजार रुपये जुर्माने की वसूली की गई। निजी वाहन सड़क पर नियम विपरीत पार्क करने और गंदगी फैलाने निगम अमले ने कार्रवाई की।

### जाति सरलीकरण में समस्या कलेक्टर से महापौर ने की मुलाकात, सौंपा पत्र

**रायपुर।** जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही दिक्कत को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों के साथ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि जनहित में इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखकर जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में दस्तावेजों की जांच कराकर प्रमाणपत्र बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। श्री ढेबर ने उन्हें जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदर जोगी, एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, अंजनी विभार, पार्षद प्रकाश जगत उपस्थित रहे।

# 'जनचौपाल' की शिकायतों पर गंभीर नहीं अफसर, फरियादी बार-बार लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नाम की जनचौपाल, कागजों पर समस्याओं का निराकरण

आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनचौपाल कक्ष शुरू किया गया है, जहां रोजाना आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उनके निपटारे में संबंधित अधिकारियों की दिलचस्पी नहीं दिख रही है। इस वजह से आवेदनों का समय पर निराकरण भी नहीं हो पा रहा है और आमजन लगातार अपने आवेदन के निवारण की स्थिति जानने बार-बार कलेक्टोरेट के चक्कर लगा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले की जनता की समस्याओं व शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट में प्रतिदिन कार्य दिवस पर जनचौपाल कक्ष का शुभारंभ किया है। इससे पहले सप्ताह में सिर्फ एक दिन जनचौपाल आयोजित किया जाता था, जिसमें कलेक्टर स्वयं लोगों की समस्या व शिकायत सुनकर उनका निराकरण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते थे, लेकिन लोगों की बढ़ती समस्या व शिकायतों को सुनने के लिए एक दिन कम पड़ता था, इसलिए कलेक्टर ने जनचौपाल कक्ष खुलवाया है, ताकि हर दिन आम लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी जा सकें। इसके लिए अलग-अलग दिन अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं।

कलेक्टर की तरह अधिकारी जनचौपाल में लोगों के आवेदन तो लेते हैं, लेकिन समस्या का जल्द से जल्दा निराकरण कराने के प्रति गंभीरता नहीं बरती जाती है, जिसके कारण आवेदनों से संबंधित विभागों के अधिकारी भी शिकायत व समस्या का निराकरण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं और परिणाम स्वरूप लोगों को बार-बार जनचौपाल में आकर आवेदन देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### 3 से 16 जुलाई तक 139 आवेदन 16 निराकृत

चालू माह में 3 से 16 तारीख तक कुल 139 आवेदन मिले हैं। इनमें कलेक्टर जनचौपाल में 90 आवेदन मिले हैं, जबकि जनचौपाल कक्ष में 49 आवेदन आए हैं। इन सभी आवेदनों में सिर्फ 16 का ही निराकरण किया गया है, जबकि अन्य आवेदन लंबित हैं।




*हर दिन औसतन 5 से 10 आवेदनः कलेक्टर की मौजूदगी में होने वाले जनचौपाल में 50 से 70 आवेदन पहुंचते हैं, जबकि इसकी तुलना में जनचौपाल कक्ष में प्रतिदिन 5 से 10 आवेदन ही पहुंच रहे हैं। इनमें भी कई आवेदन ऐसे हैं, जो पहले भी जनचौपाल में आ चुके हैं। इन आवेदनों का निराकरण नहीं होने के कारण इससे जुड़े फरियादी बार-बार जनचौपाल में आकर आवेदन दे रहे हैं।*

### 7 जून से 1 जुलाई तक 190 आवेदन, 135 निराकृत

विभाग के कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जनचौपाल सहित जनचौपाल कक्ष में 7 जून से लेकर 2 जुलाई तक कुल 190 आवेदन पहुंचे थे। इनमें फरियादी शिकायत के साथ समस्या को लेकर भी आवेदन किए थे। इन आवेदनों में 135 आवेदनों का ही निराकरण किया गया है, जबकि 55 आवेदन अब तक लंबित पड़े हुए हैं।

### कागजों में निराकरण

जनचौपाल में ऐसे कई शिकायतें पहुंच रही हैं, जिनका निराकरण सिर्फ कागजों में कर दिया जा रहा है। जून माह के अंतिम दिनों में आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया निवासी एक दंपति ने नल जल मिशन योजना के तहत घर-घर दिए गए नल कनेक्शन में पानी की पतली धार आने तथा गांव के कई लोगों द्वारा पाइपलाइन से अवैध रूप से कनेक्शन लिए जाने की शिकायत प्रमाण के साथ की थी। इस शिकायत के बाद इस मामले में जांच या कार्रवाई करना छोड़ संबंधित अधिकारी ने खानापूर्ति करते हुए कागजों में शिकायत को गलत ठहरा दिए हैं। इस तरह कई शिकायतें है, जिनका निराकरण अधिकारियों ने सिर्फ अपने जवाब में ही कर दिया है।

### जनचौपाल में विलंब से पहुंच रहे अधिकारी

जनचौपाल में लोगों की समस्या को लेकर अधिकारी कितने गंभीर हैं, इसका पता जनचौपाल में उनकी उपस्थिति का समय देखकर लगाया जा सकता है। जनचौपाल में आवेदन लेने का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक है। गुरुवार को 3 अधिकारियों की ड्यूटी जनचौपाल में लगाई गई थी, लेकिन इनमें से दो अधिकारी गायब मिले, वहीं एक अधिकारी दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर जनचौपाल कक्ष पहुंचे। इस दौरान यहां मौजूद करीब 15 से 20 लोग अधिकारी का इंतजार करते बैठे रहे।

## जिला अस्पतालों की भीड़ कम करने की पहल का ऐसा हाल

# 12 हमर क्लीनिक का निर्माण अधूरा, जहां काम पूरा, वहां भी नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिले में शहरी स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी के लिए बनाई गई योजना की सुविधा अभी भी कई क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल पाई है। सरकार ने 52 जगह हमर क्लीनिक के लिए बिल्डिंग निर्माण करने के लिए आदेश किया। इनमें से 38 हमर क्लीनिक का काम पूरा हो गया है, जबकि 12 जगह निर्माण अधूरा है। वहीं 2 जगह क्लीनिक के लिए जिम्मेदार जमीन भी तय नहीं कर पाए हैं। इससे लोगों को इलाज की सुविधा के लिए भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है।

सरकार ने जनवरी 2023 में लोगों की बेहतरी के लिए 46 तरह की दवाएं हमर क्लीनिक में उपलब्ध कराने के लिए प्लानिंग की गई। इसके लिए बिल्डिंग बनाने के लिए प्रति क्लीनिक के लिए 25 लाख रुपए तय किया, यानी 13 करोड़ में 52 जगह सिर्फ हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने का प्रावधान किया गया। अभी स्थिति यह है कि 38 जगह काम पूरा होने के बाद भी सभी क्लीनिक को जिम्मेदार शुरू नहीं करवा पाए हैं। इससे बीपी व शुगर की जांच करवाने के लिए अभी भी जिला अस्पताल, अंबेडकर अस्पताल और हमर अस्पताल में भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने हमर क्लीनिक बनाने की योजना बड़े अस्पतालों में लगने वाली कतार को कम करने के लिए किया था।






### यह सुविधा मिलेंगी क्लीनिक में..

- हर क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर सहित 4 स्टाफ होंगे।
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक, शाम 5 से रात 8 बजे तक ओपीडी।
- हमर क्लीनिक में मरीजों को 46 तरह की दवाएं मिलेंगी।
- किट से रोगियों की 7 तरह की पैथोलॉजी जांच की जाएगी। इसमें एचबी, सिकलिंग, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, डेंगू व प्रेग्नेंसी टेस्ट शामिल।

### सेवा की बेहतरी के लिए पहल

हमर क्लीनिक को बड़े सरकारी अस्पतालों में रोज होने वाली ओपीडी की भीड़ को कम करने के लिए शुरू किया भी गया है। कुछ स्थानों पर अभी निर्माण अधूरा है, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। जहां काम पूरा है, वहां जल्द ही इलाज की सुविधा दी जाएगी।
- **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

### कहीं निर्माण पूरा कहीं काम बंद

शिवानंद नगर में हमर क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। इसके चलते लोगों को सामान्य बीमारी का इलाज कराने के लिए गुढियारी स्थित हमर अस्पताल में घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। खमतराई स्थित जोन कार्यालय के पास निर्माणाधिन हमर क्लीनिक का काम बंद है। इस तरह की स्थिति जिले में 12 स्थानों पर है। सूत्रों ने बताया कि समय पर फंड नहीं मिलने से एजेंसी ने काम रोक दिया है।

### खर्च से बचाने की गई थी पहल

'हमर क्लीनिक' योजना इसलिए शुरू किया गया, ताकि प्राइवेट अस्पताल में मनमाने फीस व महंगी दवाओं के बोझ से लोगों को राहत मिले। इससे एक ओर जहां मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में ओपीडी की भीड़ कम करने पहल की गई। वहीं लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से योजना बनाई गई। जहां मौसमी सर्दी, खांसी, बुखार सहित छोटी बीमारियों के इलाज होने से जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

## रेल मंत्रालय को लिखा पत्र

# तीन सालों से गायब अंत्योदय एक्सप्रेस को फिर चलाने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- जोन में मार्च 2020 के बाद से नहीं चल रही अंत्योदय एक्सप्रेस

कोरोना में रेलवे ने जिन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया था, उनमें से कुछ ट्रेन सब ठीक होने के बाद भी बहाल नहीं हुई है, जिसमें 22895 दुर्ग फिरोजपुर, 14719 बिलासपुर बीकानेर अंत्योदय एक्सप्रेस और 22885/ 22886 टाटानगर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस शामिल हैं। मोदी सरकार ने 2017 में एसईसीआर जोन को दो अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी थी, जिसे मार्च 2020 के बाद रेलवे ने रद्द करने के बाद अभी तक बहाल नहीं किया है। आम बजट से पहले अब यात्रियों की मांग है कि रेलवे इन ट्रेनों का परिचालन एक बार फिर से शुरू करे, ताकि आम आदमी के लिए ट्रेनों की सुविधा बढ़ सके। शहर के शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इसे चलाने की मांग की है। उनका कहना है कि अंत्योदय एक्सप्रेस चलने से कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए कम पैसों में अधिकाधिक सुविधा के साथ सुपर



फास्ट ट्रेन की सुविधा मिली हुई थी। कोरोना के नाम पर यह ट्रेन अभी तक बंद है।

### कोरोना के बाद नहीं लौटी ट्रेन

कोरोना के बाद जोन की ज्यादातर ट्रेनों को बहाल किया जा चुका है। तीन ट्रेन जो बहाल नहीं हुई, वह भी यात्रियों की महत्वपूर्ण ट्रेन थी। ट्रेनों को रेलवे ने बिना किसी घोषणा के बंद करके रखा हुआ है। यदि इन ट्रेनों को चालू किया जाता है, तो निश्चित रूप से दुर्ग रायपुर भाटापारा से लेकर पेंड्रा रोड अनूपपुर शहडोल तक के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इधर रायगढ़ बिलासपुर रायपुर होकर मुंबई के लिए अंत्योदय एक्सप्रेस मिल जाएगी।

### अंत्योदय एक्सप्रेस की योजना

भारतीय रेलवे द्वारा समाज के सबसे कमजोर वर्ग को ट्रेन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई ट्रेनों की एक विशेष श्रृंखला है। टिकट बुक करने के लिए सक्रिय आरक्षण प्रणाली के साथ ट्रेनें रातभर चलने वाली प्रणाली का पालन करती हैं। ट्रेनों को आधिकारिक तौर पर 2016 में लॉन्च किया गया था।

# मॉनिटर लिजर्ड मारकर मांस बेचते एक युवक गिरफ्तार

- तीन दिन पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति से चार जिंदा मॉनिटर लिजर्ड जब्त किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शेड्यूल-1 गोह प्रजाति के सरीसृप के मांस की राजधानी में बड़े पैमाने पर हो रही खरीदी बिक्री

वन विभाग की टीम ने गुरुवार को चंगोराभाठा में एक युवक को शेड्यूल-1 प्रजाति के मॉनिटर लिजर्ड (गोह सांप) को काटते गिरफ्तार किया है। वन विभाग की गिरफ्त में आया आरोपी मॉनिटर लिजर्ड को मारकर उसका मांस बिक्री करने की फिराक में था। युवक को गिरफ्तार कर वन विभाग की टीम ने फिलहाल सिविल लाइंस थाने में रखा है।

आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को पीओआर दर्ज कर वनकर्मी शुक्रवार को कोर्ट में पेश करेंगे। रेंज अफसर सतीष मिश्रा के मुताबिक वन्यजीव प्रेमी की सूचना पर चंगोराभाठा की एक बस्ती में छापे की कार्रवाई करते हुए अजय नेताम को मॉनिटर लिजार्ड को मारकर उसकी मांस बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची, ठीक उसके पांच मिनट पूर्व आरोपी मॉनिटर लिजार्ड को मारकर काटने की तैयारी कर रहा था। इस कार्रवाई में वसीम कासर, यशवंत सिंह ठाकुर, अशोक कौशिक, अभिषेक जैन तथा अमृतपाल सिंह की प्रमुख भूमिका रही।



### चार दिन पूर्व चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया गया

वन विभाग के अफसरों के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एनआईटी कालेज के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया था। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि रायपुर के ज्यादातर इलाकों में लोग बड़े पैमाने पर मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन कर रहे हैं। अजय जहां रहता है, उस क्षेत्र के ज्यादातर लोग मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन करते हैं।

### अंधविश्वास के कारण मांस का भक्षण

मॉनिटर लिजर्ड का मांस खाने से शक्ति बढ़ने का अंधविश्वास है। इसके चलते रायपुर तथा आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोग इस सरीसृप के मांस को खाते हैं। वन विभाग की गिरफ्त में आए युवक ने टीम को बताया कि उसकी मां लकवाग्रस्त है, इसलिए वह अपनी मां को गोह सरीसृप का मांस खिलाता है। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि उसने तीन सौ रुपए किलो के भाव में गोह को खरीदा है, जिसमें का कुछ हिस्सा वह अपने पास रखने के बाद शेष मांस को छह सौ रुपए में बेच देता।

# बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने चैंबर ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

- पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार विकसित करने आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को गांधी सदन में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर के बाजारों को स्मार्ट बाजार के तहत मूलभूत सुविधा विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इसमें मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय और बंजारी मार्केट में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने की मांग की।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रमसिंह देव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नगर निवेशक निशिकांत वर्मा मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया, शहर के बंजारी रोड, सदरबाजार, मालवीय रोड, स्टेशन रोड, एमजी रोड स्थित बाजारों में प्रदेशभर से लोग आकर खरीदारी करते हैं। लोगों की आवाजाही को देखते हुये ऐसे बाजारों के लिए एक स्मार्ट बाजार की तर्ज पर स्वास्थ्य प्रणाली, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा के लिए बेहतर निगरानी, स्मार्ट बुनियादी ढांचा, बेहतर रोजगार के अवसर और अन्य तरह की दूसरी सुविधाएं शामिल की जाएं।

### मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय की मांग

*चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को अवगत कराया कि शहर के पारंपरिक बाजारों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए पूर्व में जगह भी चिन्हांकित की गई, जो इस तरह से है : -*



- निवेदिता स्कूल के सामने शौचालय के लिए स्थान का चयन
- कटोरा तालाब झूलेलाल सरोवर और इलेवन स्टार ग्राउंड के पास स्मार्ट टायलेट के लिए जगह
- मार्बल मार्केट पचपेड़ीनाका में सुलभ शौचालय की सुविधा
- बंजारी रोड में पुरुष एवं महिलाओं के लिये अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था
- सदर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की मांग
- मालवीय रोड में भी पिंक टॉयलेट, एमजी रोड और सिंधी बाजार में महिला एवं पुरुष शौचालय
- शीतला चौक के पास व मिलेनियम प्लाजा परिसर में सुलभ शौचालय
- एमजी रोड, जवाहरनगर, मांगड़ापारा में सार्वजनिक शौचालय, महिलाओं के लिए पिंक टायलेट, भाठागांव, गुढ़ियारी पड़ाव, महादेवघाट, अश्विनी नगर में महिला व पुरुष शौचालय निर्माण।

## बिजनेस साइट

### पियाली फाउंडेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन में बी-एड और डी-एड में प्रवेश प्रारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उनकी रुचि के अनुरूप अनेक पाठ्यक्रम स्कूल एवं महाविद्यालयों में स्वयंसेवी संगठनों द्वारा प्रारंभ किए गए हैं। इसी क्रम में पियाली फाउंडेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन के तहत दो वर्षीय बी-एड और डी-एड पाठ्यक्रम इसी सत्र से प्रारंभ किया जा रहा है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार, यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है। पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता 12वीं पास है।

12वीं में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। वहीं ओबीसी, एससी एवं एसटी के विद्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत की छूट अंकों में दी गई है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम की आवश्यकता नहीं है, सीधा प्रवेश है।

# सरोरा में पेपर मिल के केमिकल से दूषित हो रहा बोर का पानी


- बरसात में संक्रमण के खतरे को लेकर कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरोरा-गोंदवारा मार्ग के पास स्थित एक पेपर मिल प्रबंधन द्वारा केमिकल युक्त एसिड पानी को खाली जमीन पर छोड़ा जा रहा है। इससे बजरंग नगर बस्ती के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर कलेक्टर से जुलाई में शिकायत की गई है। इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से बस्ती में बोर का पानी भी दूषित होने लगा है।

बिरगांव निगम के सरोरा वार्ड में ईश्वर पेपर मिल से निकलने वाले केमिकल व एसिड युक्त पानी को खाली जमीन पर छोड़ने की शिकायत 15 जुलाई को यशवंत निर्मलकर ने की है। इसमें बताया गया है कि कई बार जिम्मेदारों को इसकी रोकथाम के लिए आग्रह किया गया, इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बस्ती में 2 हजार से ज्यादा परिवारों की सेहत का खतरा बना हुआ है, जो निगम द्वारा करवाए गए बोर के पानी का इस्तेमाल करते हैं। कंपनी प्रबंधन द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी से अब भूमिगत जल का उपयोग करने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ने लगा है।



*मामले को संज्ञान में लेंगे*
*अगर केमिकल युक्त पानी के कारण भूमिगत जल दूषित होने की शिकायत है, तो क्षेत्र का लोकेशन दीजिए, मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदारों को कार्रवाई के लिए निर्देशित करूंगा।*
*- गौरव सिंह, कलेक्टर, रायपुर*

### पानी की जांच कराने की मांग

बजरंग नगर के लोगों की समस्या को देखते हुए शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से बस्ती में करवाए गए बोर के पानी की जांच करवाने की मांग भी की है। बताया गया है कि खाली जमीन पर केमिकल युक्त पानी छोड़ने से क्षेत्र में पेयजल का स्वाद बिगड़ने लगा है। बोर के पानी का उपयोग बस्ती में संचालित सरकारी स्कूल के करीब 500 बच्चे भी करते हैं। इससे दूसरे वार्ड व मोहल्ले से आने वाले बच्चे भी बीमार होते हैं। इसे देखते हुए जनहित में शिकायत करने का जिक्र किया गया है।

### काशीराम नगर के प्रभावित मठपुरैना में होंगे शिफ्ट

**रायपुर।** रिंगरोड से लगे और केनॉल रोड के समीप स्थित काशीराम नगर में जर्जर 225 मकानों में रहने वाले परिवारों का मठपुरैना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास में विस्थापन होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अफसरों को इसके लिए निर्देश दिए हैं।

निगम कमिश्नर ने गुरुवार को गुरु घासीदास वार्ड पार्षद शीतल-कुलदीप बोगा सहित निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में काशीराम नगर के आवासों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त ने इन मकानों को जर्जर पाया। उन्होंने अधीनस्थ अफसरों से जल्द प्रभावित परिवारों को मठपुरैना में निर्मित पीएम आवास में विस्थापित किए जाने स्थल पर अपनी सहमति दी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



हरिद्वार से आए पारद शिवलिंग...

## आराधना

# 'माता पहुंचनी' में जुटा गांव नीम डाल से जल छिड़काव



**रायपुर।** संत कबीर दास वार्ड के गोंदवारा में माता पहुंचनी का कार्यक्रम 18 जुलाई गुरुवार को शीतला माता मंदिर में मनाया गया। इस पर्व को आषाढ़ माह में मनाने की परपंरा है। शीतला मंदिर में सुबह पूजा अर्चना एवं हवन के बाद माता से समस्त ग्रामवासियों के सुख समृद्धि एवं शांति के लिए आशीर्वाद मांगा गया। शीतला मंदिर के नाथूराम साहू ने बताया, माता के प्रकोप से बचने के लिए सभी लोगों पर नीम की डाल से जल का छिड़काव किया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर में इस पर्व की तैयारी प्रारंभ कर दी गई थी। बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

### ग्रामवासियों ने चढ़ाया चढ़ावा

पूजा-अर्चना के बाद समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धानुसार माता के दरबार में पहुंचकर चढ़ावा चढ़ाया। माता का आशीर्वाद प्राप्त करने भक्तों की कतार लगी रही। गांव के सेवा मंडली द्वारा ग्राम के शीतला मंदिर में जस गीत गाकर माता को प्रसन्न किया गया। परंपरानुसार ग्राम गोंदवारा में माता पहुंचनी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राजेश ठाकुर, नाथूराम साहू, रमेश ध्रुव, ठाकुर राम निषाद, सोमनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

# ट्रिपलआईटी में जुटे देशभर के छात्र, जानी शोध बारीकियां



**रायपुर।** ट्रिपलआईटी में आउटरीच इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन 2017 से किया जा रहा है। छात्रों के लिए रखे जाने वाले इस खास तरह के प्रोग्राम में देशभर के प्रमुख संस्थानों से छात्रों को संस्थान में 6 से 8 सप्ताह के लिए आने का अवसर प्रदान किया जाता है। इन छात्रों को ट्रिपलआईटी केसंकाय सदस्यों की देखरेख में अनुसंधान करने और अत्याधुनिक लैबोरेट्रीज का उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। इस वर्ष इंटर्नशिप मई से जुलाई तक आयोजित किया गया। छात्रों ने यहां शोध करने के साथ ही अपनी इंटर्नशिप भी पूरी की।

### आईआईटी मद्रास गुवाहटी से मिले आवेदन

इस वर्ष विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी मद्रास, आईआईटी रोपड़, आईआईटी गुवाहटी, आईआईटी पटना, आईआईआईटी भोपाल, आईआईईएसटी शिबपुर, विभिन्न केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि से कुल 178 पंजीकरण प्राप्त हुए। इनमे से 40 छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। इंटर्नशिप समापन के मौके पर छात्रों के लिए विशेष समापन कार्यक्रम भी रखा गया। डॉ. मल्लिकार्जुन राव, डॉ. मिथिलेश चौबे, डॉ. श्रीनिवास ने अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने छात्रों को प्रेरित किया।

## एजूकेशन लाइव

# डीएलएड प्रथम वर्ष में 83% द्वितीय वर्ष में 75% उत्तीर्ण

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम गुरुवार दोपहर 3 बजे घोषित कर दिए गए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित डीएलएड प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 7561 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 7561 प्रतिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3600 बालक तथा 3961 बालिका सम्मिलित हुई। समस्त छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। किसी भी छात्र के परिणाम रोके नहीं गए हैं। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 6243 है, अर्थात 82.57% छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 83.43% तथा बालकों का 81.63% है।

### लड़कियों के परिणाम बेहतर

इसके अलावा डीएलएड द्वितीय वर्ष 2024 की परीक्षा में कुल 6,624 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से सभी 6,624 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 2,687 बालक तथा 3,937 बालिकाएं रहीं। समस्त प्रशिक्षणार्थी के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों में से 4,941 अर्थात 74.58% प्रतिशत उत्तीर्ण रहे हैं। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 75.31% तथा बालकों का प्रतिशत 73.53% रहा है। परिणाम मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

*दोस्ती के इजहार का दिन फ्रेंडशिप डे इस बार 4 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन को खास बनाने युवा अभी से तैयार में जुट गए है। फ्रेंडशिप डे को लेकर शहर का गिफ्ट बाजार पखवाड़े भर पहले ही गुलजार हो चुका है। आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड और रिंग के साथ स्पेशल कार्ड खरीदने युवा गिफ्ट दुकानों में पहुंचने लगे हैं।*

# डिजिटल ब्रेसलेट बनेगी पहली पसंद, ऑर्डर पर खास तरह के कार्ड, केक पर प्रिंट होगी दोस्तों की ग्रुप फोटो

## फ्रेंडशिप डे के लिए सजने लगा बाजार, महानगरों की तर्ज पर गिफ्ट में वैरायटी

**रायपुर।** फ्रेंडशिप डे पर दुकानों में गिफ्ट के नए कलेक्शन आए हुए हैं, जिसमें दोस्ती के रिश्तों में भावनाओं के इजहार के लिए डिजिटल कार्ड की बिक्री बढ़ी हुई है। इस तरह के काड्र्स में फोटो के साथ दोस्ती का संदेश लिखा हुआ है। इसके अलावा डिजिटल ब्रेसलेट इस बार आकर्षक गिफ्ट होगा। इसके साथ ही फोटो वाली ब्रेसलेट युवाओं की पहली पसंद है। फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने हर साल कैफे और रेस्तरां की मांग बढ़ जाती है, जिसे लेकर युवा अभी से एडवांस बुकिंग करवाने लगे हैं। नया रायपुर समेत शहर के कैफे में फ्रेंडशिप डे दिन के अलग-अलग समय में कैफे बुक करवाने लोग पहुंच रहे हैं।









### बनवा रहे दोस्तों की फोटो फ्रेम

दोस्तों को खुश करने युवा यूनिक फ्रेंडशिप गिफ्ट तैयार कर रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक रॉकी गुप्ता ने बताया कि यूथ अपने दोस्तों की स्पेशल राइटिंग में कार्ड के साथ फोटो फ्रेम बनवा रहे हैं। युवाओं की मांग पर प्रिंटेड कार्ड भी तैयार किए जा रहे हैं। लगभग 10 लोगों ने अभी आर्डर दिया है। फोटो फ्रेम को लेकर भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। इसकी कीमत 600 से 2 हजार तक है। लाइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपए का अतिरिक्त शुल्क तय किया जा रहा है। फ्रेम का कीमत साइज अनुसार तय है। सामान्य फ्रेस में दो फोटो को रखा जा रहा है। इसके अलावा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने यूथ केक पर अपनी ग्रुप फोटो बनवाने की तैयारी में है। इसकी कीमत साइज अनुसार है। इसके लिए दोस्तों के ग्रुप ने अभी से ऑर्डर दे दिए हैं। सेलिब्रेशन के बदलते तरीकों को देखते हुए अब इसमें भी कई विकल्प दिए जा रहे हैं।





### फ्रेंडशिप रिंग और लॉकेट भी खास

दोस्ती को और खास बनाने के लिए लॉकेट भी नए डिजाइन के बाजार में आए हुए है। महानगरों में रिंग और लॉकेट के साथ कई रंगों में रंगी फ्रेंडशिप रिंग, मोतियों के बने बेल्ट और ब्रेसलेट चलन में हैं। इसकी कई वैराइटियां बाजार में आई हुई हैं। इसकी कीमत 40 रुपए से 300 रुपए तक है। इन बैंड को इस तरह से तैयार किया गया है कि इन्हें फ्रेंडशिप डे के अलावा अन्य मौकों पर भी इस्तेमाल किया जा सके। बाजार में फ्रेंड फॉरएवर लिखे हुए बेल्ट, बैंड व फ्रेंडशिप लॉकेट आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा युवाओं को मोतियों से बने ब्रेसलेट, फ्रेंड्स लिखे हुए बेल्ट, वूडन के बेल्ट ज्यादा पसंद आ रहे हैं।

### दिल्ली और मुंबई से पहुंच रहे तोहफे

दुकानों में मांग को देखते हुए दिल्ली और मुंबई से फ्रेंडशिप डे के लिए गिफ्ट आइटम कई वैरायटियों में मंगाए गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर सामान्य गिफ्ट की बिक्री के साथ मांग भी बढ़ गई है। दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों को युवा अपने दोस्तों को देने खरीद रहे हैं। गिफ्ट में फोटो फ्रेम विथ चॉकलेट व कोटेशन फ्रेम की डिजाइन के साथ टेडीबीयर, फोटो टीशर्ट, घड़ी, पेन स्टैंड, बेल्ट, पर्स, बैग, महंगे परफ्यूम, प्रिंटेड कप में जैसी सामान्य चीजें भी शामिल हैं।

दादाबाड़ी में रविवारीय संस्कार शिविर 21 जुलाई से

# बच्चों को अध्यात्म से जोड़ने जैन मुनि सिखाएंगे संस्कार, मोबाइल की लत को छुड़ाने में करेंगे मदद



**रायपुर।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में चल रहे आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के क्रम में दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि की पावन निश्रा में 21 जुलाई से रविवारीय संस्कार शिविर 'द बेस्ट वे ऑफ लीविंग' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 10 वर्ष से ऊपर के बालक-बालिकाएं भाग ले सकते हैं। यह शिविर 21 जुलाई से लेकर 1 सितंबर तक हर रविवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक चलेगा। आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति ने सभी पालकों से निवेदन किया है कि वे अपने बच्चों को रविवारीय संस्कार शिविर में जरूर से जरूर भेजें। शिविर पश्चात स्वल्पहार की व्यवस्था समिति द्वारा रखी गई है। शिविर में भाग लेने के लिए अभिभावकगण आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है।

### बताएंगे नवकार मंत्रों का महत्व

शिविर में बच्चों जैन धर्म के नवकार मंत्रों के महत्व अलावा भगवान महावीर के जीवन और उनके उद्देश्यों के बारे में बताया जाएगा। जैन मुनि के मुताबिक, बच्चों में एकाग्रता शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए उन्हें सुबह जल्दी उठने साथ समय पर सोने की शिक्षा दी जाती है। हर दिन नए विचारों और सोच के साथ जीने का तरीका बताया जाएगा।

### बच्चों को मिलेगी नई राह

हर साल चातुर्मास में जैन मुनि द्वारा संस्कार संबंधित कक्षा का आयोजन किया जाता है। पिछले साल टैगोर नगर स्थित लालगंगा पटवा भवन में उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि और दादाबाड़ी में जैन साध्वी बच्चों के लिए हर दिन 1 घंटे की ट्रेनिंग क्लास ली गई। इसके प्रभाव से 15 दिनों की भीतर 200 से अधिक बच्चों ने मोबाइल का इस्तेमाल करना बंद कर दिया था। ट्रेनिंग में ज्यादातर पालकों की शिकायत थी कि बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई से मोबाइल के आदि हो चुके हैं। इस बार भी जैन मुनि बच्चों को आध्यात्म के जरिए मोबाइल के लत को छुड़ाने में मदद करेंगे।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती : 8वें चरण के लिए दस्तावेज सत्यापन 22 को



**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर आठवें चरण के दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को 22 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे विधानसभा रोड स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में बुलाया गया है। इसके लिए संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस और व्हाट्सऐप पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध लगभग 3 गुना या सामान प्राप्तांक होने पर उक्त प्राप्तांक धारक सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थियों को अद्यतन जानकारी के लिए संचालनालय की वेबसाइट https:// cgiti. cgstate.gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करने कहा गया है।

दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 1:00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।


## यूजीसी द्वारा जारी सर्कुलर में समोसे और कचौरी को माना गया अनहेल्दी

# समोसे-कचौरी पर प्रतिबंधत से खफा छात्र, कहा- जेबखर्च के पैसे में ये ही आता है, वहीं 20 प्रतिशत ने इसे बताया सेहतमंद कदम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** यूजीसी द्वारा देशभर के विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालयों को जारी किए दिशा-निर्देशों में अब कैंटीन के माध्यम से सिर्फ हेल्दी फूड ही दिए जाने को कहा गया है। यूजीसी ने छात्रों में बढ़ते मोटापे, मधुमेह और अन्य रोगों के लिए समोसा, कचौरी सहित अन्य जंकफूड को जिम्मेदार माना है।


यूजीसी ने शैक्षणिक संस्थानों में अनहेल्दी फूड की बिक्री पर रोक लगाने और कैंटीन में स्वस्थ भोजन विकल्पों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है। इस दिशा-निर्देश को लेकर कॉलेज छात्र अधिक खुश नहीं हैं। शहर के जिन महाविद्यालयीन छात्रों से हमने बात की, उनमें से मात्र 20 प्रतिशत ने ही इसे सही ठहराया है, जबकि अधिकर छात्र समोसे और कचौरी परोसे जाने के पक्ष में नजर आए।



### परोस देते हैं पुराने समोसे

स्वास्थ्य में ध्यान रखते हुए यूजीसी द्वारा यह फैसला लिया गया है। मैं इसके समर्थन में हूं, क्योंकि कैंटीन में समोसा और कचौरी कई दिनों पुराना खिलाया जाता है।

*- आयुष पांडे, बीए, प्रथम वर्ष*



### बाकी सब बजट के बाहर

जिस प्रकार यूजीसी द्वारा समोसा और कचौरी को बैन किया गया है, उसके में विरोध में हूं। जब हम अपने कॉलेज और यूनिवर्सिटी जाते हैं तो पॉकेट मनी जो हमें मिलती है, उसमें समोसा और कचौरी ही हमारे बजट में आता है।

*- शामिल मजूमदार, छात्र, बीएएलएलबी*





### गुणवत्ता का रखें ध्यान

कैंटीन में किसी विशेष खाद्य सामग्री को प्रतिबंधित करने के स्थान पर जो चीजें मिल रही हैं, उनकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। यदि उचित तरीके से अच्छी क्वालिटी के तेल का इस्तेमाल करके व्यंजन बनाए जाएं, तो कोई भी खाद्य सामग्री नुकसानदायक नहीं होती है।


*- मंजुराज दुबे, बीए द्वितीय वर्ष*



### लागू कर पाना कठिन

यूजीसी द्वारा कई तरह के नियम समय-समय पर बनाते जाते रहे हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन उचित रूप से नहीं हो पाता है। कैंटीन में समोसे की मांग सबसे अधिक होती है। ऐसे में मुश्किल है कि इसे लागू किया जा सकेगा।

*- यश प्रताप ठाकुर, बीकॉम, द्वितीय वर्ष*



### सभी छात्रों को पसंद

समोसा और कचौरी मुझे पसंद है। इसे बंद नहीं करना चाहिए। अधिकतर छात्रों को यह पसंद होती है। कॉलेज छात्र परिपक्व होते हैं। वे फैसला ले सकते हैं कि उन्हें क्या खाना है और क्या नहीं। ऐसे में इस तरह के प्रतिबंध अनुचित हैं।

*-शुभा किरण कौर, बीसए, प्रथम वर्ष*



### स्वास्थ्य के लिए सही फैसला

यूजीसी ने हेल्थ में ध्यान में रखते हुए समोसा और कचौरी को बैन किया है। छात्रों के स्वास्थ्य के लिए सही फैसला है। पढ़ाई के साथ-साथ सेहत का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

*- पीयूष बिस्वास, छात्र, एमबीए अंतिम वर्ष*

**इवेंट लाइव**

# बाइक से नापी शहर से नेपाल तक 4 हजार किमी की दूरी



**रायपुर।** बाइकर्स इंडिया के सदस्यों ने 20 दिवसीय नेपाल यात्रा संपन्न की। उन्होंने 20 दिन में 4 हजार किलोमीटर का सफर बाइक के माध्यम से तय किया। इस अवसर पर बाइकर्स ने बोधगया, जनकपुर, भगवती मंदिर, काठमांडू, पोखरा, मुक्तिनाथ, लुंबिनी, अयोध्या, काशी जैसे धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। इस राइड में शहर से स्वप्निल प्रेमदास, लखन शर्मा, प्रशांत गायकवाड, जय केशू, भिलाई से जय प्रकाश, दुर्ग से वी.पवन, बलौदाबाजार-भाटापारा से तुषार शामिल रहे।

## भारतीय संस्कृति को जनने का मौका

सदस्य स्वप्निल प्रेमदास ने बताया, यात्रा शहर से शुरु होकर बोधगया पहुंची। जनकपुर में सीता मां का जन्मस्थान और भगवान श्रीराम और सीता का विवाह स्थल का जाना। स्थान के प्राचीन इतिहास को अधिक से जानने के लिए नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे, जहां संस्कृति, परंपरा व वास्तुकला को नजदीक से देखने का मौका मिला। टीम सदस्यों द्वारा देश भ्रमण का दौर निरंतर जारी रहता है, जिसमें हम भारत देश के संस्कृतिक धरोहर को करीब से जानने का प्रयास करते हैं। मुक्तिनाथ तीर्थस्थल 3800 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है, जो देखने में सुंदर व आकर्षक प्रतीत होता है। यात्रा के अंत में काशी का भ्रमण किया गया, जहां सात पवित्र शहरों को बाइक से ही तय किया गया।

**सिटी लाइव**

# मेगा स्वास्थ्य शिविर में कई सेवाएं, जांच में 50% छूट



**रायपुर।** भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें या अपनों को ना जाने कौन सी बीमारी अपनी चपेट में लेगी, इसका हमें पता भी नहीं चलेगा। इसे देखते हुए समय-समय पर हेल्थ चेकअप जरूरी होता है।

लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करने ऑक्सफोर्ड डायग्नोस्टिक्स द्वारा 21 जुलाई को देवेन्द्र नगर स्थित कर्षण चेंबर में एक मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल करेंगे। गुरुवार को यह जानकारी आयोजक संस्था के सीईओ मनोज कुमार साहा ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सुबह 10 से शाम साढ़े 5 बजे तक इसका लाभ ले सकते हैं।

## रक्तदान करके बचाएं जीवन

उन्होंने बताया कि लोग अभी भी रक्तदान करने से बचते हैं। लोग इससे अनजान हैं कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों का जीवन वे बचा सकते हैं। इससे हृदय रोग और कैंसर के जोखिम को भी कम कर सकते हैं। रक्तदाताओं के लिए मुफ्त चिकित्सा जांच और रिफ्रेशमेंट की सुविधा भी मिलेगी। निःशुल्क नेत्र जांच के साथ ही सभी तरह के लैब और रेडियोलॉजी टेस्ट पर 50% की छूट भी दी जाएगी। इसके साथ ही लोगों को हर संभव सहयोग के लिए वालंटियर्स भी मौजूद रहेंगे।

**कैंपस इवेंट**

# हल्दी के उन्नत किस्म वाले एक लाख पौधे होंगे वितरित



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने दुर्ग स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधे प्रगतिशील किसानों को प्रदान किए। ये पौधे सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में संचालित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत विकसित किए गए हैं। इस परियोजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा, दुर्ग द्वारा हल्दी की उन्नत किस्मों के एक लाख पौधे तैयार कर किसानों को वितरित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा विभिन्न मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी तथा नवीन प्रजातियों के प्रचार-प्रसार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

## अच्छी किस्म के लिए कर रहे प्रेरित

किसानों की फसल भी उन्नत किस्म की हो, इसके लिए भी कृषि केंद्र द्वारा प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.चंदेल, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ.एसएस टुटेजा, मसाला एवं औषधीय फसलों के टीम लीडर डॉ.पीके जोशी सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन व अनेक प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। इससे जुड़ी जानकारी भी कृषकों को प्रदान की गई।

## बीते दो सालों में तीन से चार गुना तक बढ़ी शिवलिंग की बिक्री

# हरिद्वार से आए पारद शिवलिंग, भाव 10 हजार रुपए किलो, दिल्ली, मेरठ, बनारस तक भी दौड़

“ सावन माह प्रारंभ होने में कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में शिवभक्त तैयारियों में डूब गए हैं। बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। श्रवण मास के दौरान शिवलिंग पर अभिषेक का महत्व बढ़ जाता है। बीते कुछ सालों में उन श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जो अपने घर के मंदिर में शिवलिंग की स्थापना करते हैं। व्यापारियों के अनुसार, खरीदार अपने राशि के अनुसार शिवलिंग की खरीदी करते हैं। पंडित के अनुसार शुभ मुहूर्त के साथ स्थापना कराई जाती है। कई सावन माह में स्थापना की तैयारी कर रहे हैं।



रायपुर। सावन माह में मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन मात्र को लिए लंबी कतार प्रत्येक सोमवार को देखने को मिलती है। सावन में कुछ महिलाएं व युवतियां अच्छे पति व पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। आध्यात्मिक विकास और भक्ति के लिए सावन माह का चयन किया जाता है। सावन माह से पूर्व ही भक्त मंदिर व घर में पूजन की तैयारी करते हैं। नियमित रूप से व्रत रखने वाले विशेष रूप से घरों में शिवलिंग की स्थापना करते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष श्रावण मास 22 जुलाई से शुरु होकर 19 अगस्त को रक्षाबंधन संग समाप्त होगा।



### पारदेश्वर शिवलिंग की कीमत सबसे अधिक

दुकान संचालक शरद कुंबलकर ने बताया, नर्मदेश्वर, पारदेश्वर, पंचधातु व अष्टधातु शिवलिंग दुकान में मौजूद है। अधिकतर खरीदार नर्मदेश्वर शिवलिंग की खरीदी करते हैं। नर्मदेश्वर शिवलिंग अंगूठे के आकार से शुरु होकर बड़े आकार में मिलता है, जिसकी कीमत 60 रुपए से शुरु होकर हजारों रुपए तक है। पारदेश्वर शिवलिंग हरिद्वार के एक आश्रम में लगभग 10 से 15 दिनों के अनेक प्रयास से तैयार किया जाता है। जिसकी कीमत 12 रुपए प्रति ग्राम के अनुसार है। नर्मदेश्वरी में अर्धनारीश्वर, चंद्राकार, ओम का स्वरुप देखने को मिलता है। इसमें श्याम, गौर वर्ण और भूरे रंग के शिवलिंग शामिल हैं। प्रत्येक शिवलिंग पंडित या राशि के अनुकूल ही खरीदा जाता है।

### शिवलिंग में उकेरा भोले का स्वरूप

गोल बाजार स्थित एक निजी दुकान संचालक सीमा सिंह ठाकुर ने बताया, दुकान में विभिन्न राज्यों से शिवलिंग मंगाया जाता है। इसमें जबलपुर, मकराना, जयपुर, भेड़ाघाट शामिल हैं। दुकान में मौजूद शिवलिंग की कीमत 50 रुपए से शुरु होकर आकार के अनुसार बढ़ती जाती है। जितने छोटे आकार के शिवलिंग होते हैं, उनमें ही अधिक रचनात्मकता देखने को मिलती है है। नर्मदेश्वर शिवलिंग की मांग सबसे अधिक है। इस वर्ष आकर्षक रुप से शिवलिंग को सजाया गया है। जिसमें अर्धनारीश्वर नर्मदेश्वर शिवलिंग, शिवलिंग पर भगवान भोले की छवि सहित भगवान एक ही पत्थर पर परिवार सदस्यों के साथ विराजमान नजर आ रहे हैं।

### दिवाली के मौके पर होती है स्फटिक शिवलिंग की खरीदी

एक अन्य दुकान के संचालक रतनेश गुप्ता ने बताया, शिवलिंग में सबसे अधिक पारद शिवलिंग का महत्व माना जाता है। जिसकी कीमत 10 हजार रुपए प्रति किलो तय है। इसके अलावा चीनी मिट्टी, पत्थर, पारद, नर्मदेश्वर शिवलिंग दुकान मौजूद है, प्रत्येक की कीमत भिन्न है। अधिक्तर पत्थर की शिवलिंग श्रद्धालु खरीदना पसंद करते है। सभी शिवलिंग दिल्ली, मेरठ, बनारस, अलीगढ़, जबलपुर से लाया जाता है। दिवाली के अवसर पर स्फटिक शिवलिंग की खरीदी लोग भारी संख्या में करते हैं। इस वर्ष पारद शिवलिंग की खरीदी भी बीते वर्ष की तुलना में अधिक लोगों ने की है।



### मंदिरों के लिए भी ऑर्डर

शहर के बड़े अपार्टमेंट में अब मंदिर भी बनाए जाने लगे हैं। यहां स्थापित करने के लिए बड़े आकार के शिवलिंग ऑर्डर किए जा रहे हैं। इनकी कीमत भी अधिक है। भव्य आकार के शिवलिंग ऑर्डर पर ही बनाए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर श्याम वर्ण में ही होते हैं। इसके अतिरिक्त कई भक्तगण अपने घरों के लिए भी सामान्य आकार से अधिक बड़े आकार के शिवलिंग स्थापना के लिए ले जा रहे हैं। इनमें वैरायटी अपेक्षाकृत कम है।

डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए रखा गया फेयरवेल

# पॉप कल्चर थीम पर विदाई हिट गानों की रही धमक




**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। पॉप कल्चर थीम के साथ समारोह की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर्स द्वारा सीनियर्स के लिए क्विज और म्यूजिकल चेयर जैसे मजेदार खेल आयोजित किए गए। बाद में, अंतिम वर्ष के छात्रों ने संस्थान में अपनी यात्रा के बारे में अपने अनुभव और राय साझा की। विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने सभी छात्रों को बधाई दी।



कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो.केपी यादव, प्रो.दीपिका ढांड, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शामिल रहे। अपने संबोधन में उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया और अपने प्रेरक भाषण से छात्रों को भविष्य के प्रयासों के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित किया।

### तरनजीत मिस्टर और रितिका मिस फेयरवेल

छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों और खेलों में भाग लिया। तरनजीत सिंह बग्गा को मिस्टर फेयरवेल और मिस रितिका बेहरा को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस इवनिंग का खिताब प्रभा बरिहा को दिया गया। मिस ब्यूटीफुल का खिताब सुरुचि राय को दिया गया। मिस एंटरटेनर का खिताब गरिमा साहू को दिया गया। कई अन्य टाइटल भी छात्रों को दिए गए।

# ट्रेजर हंट में उलझे नए छात्र प्रार्थना संग हुआ स्वागत



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में नवीन विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत आकर्षक रुप से किया गया। यहां सीनियर-जूनियर छात्रों ने साथ में मैक म्यूजिक व प्रार्थना के साथ शुरुआत की। कॉलेज स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्रोफेसर व विद्यार्थी शामिल रहे। जिन्होंने ट्रेजर हंट गेम और लघु फिल्म की प्रस्तुति दी, इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



### लघु फिल्म में गतिविधियों की जानकारी

वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता तिवारी द्वारा मैक कल्चर का परिचय दिया। जिसमें कॉलेज में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसमें हेलमेट ड्राइव, दैनिक ओम उच्चारण, प्रत्येक सोमवार प्रार्थना जैसी कार्य शामिल रहे। चेयरमेन राजेश अग्रवाल ने जीवन के वास्तविकता से जुड़ी कहानियों के माध्यम प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से परिवार, समाज और देश को बेहतर बनाने का प्रयास करते रहें। प्राचार्य डॉ.एमएस मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रथम बैच हैं। ऐसे में वे विशेष बधाई के पात्र हैं।

## आजादी के जश्न के लिए इस बार मुंबई से मंगाई गई सामग्री

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मनेगा आजादी का जश्न, तिरंगा बैच सहित अन्य चीजों में प्लास्टिक की जगह लकड़ी, धातु, कागज का प्रयोग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** आजादी के महापर्व को अभी 28 दिन शेष है, लेकिन इसके पहले ही उत्सव की तैयारी के लिए बाजार सजकर तैयार है। इस साल पहली बार कई ऐसी चीजें लोगों को बाजार में मिलने वाली है, जो पहले देखने को नहीं मिलती थी। दुकानों में स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व को प्लास्टिक मुक्त करने के लिहाज से भी लोग सामान सजा रहे हैं। मेटल का हवाई जहाज ही नहीं अशोक चक्र, शांति का कबूतर भी बैच के रुप में दिलों के पास सजने वाला है। इतना ही नहीं घर, ऑफिस व कारों में लोग फाइबर से तैयार किया गया तिरंगा चक्र भी लगाने के लिए खरीद सकेंगे। इसे खरीदने के लिए इस बार फैंसी स्टोर्स के संचालन भी बल्क में आर्डर करने शहर के गोलबाजार में पहुंचने लगे हैं। इनमें से अधिकतर वस्तुएं मुंबई से मंगाई गई है।





अधिकतर सामग्री स्कूली बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, क्योंकि इनकी सर्वाधिक खरीदी अध्ययनरत छात्रों द्वारा ही होती है। कई स्कूलों ने भी खास तरह की सामग्री के लिए अभी से ऑर्डर दिए हैं। इस बार व्यापारियों द्वारा पर्यावरण का विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं की जगह लकड़ी, मेटल और काजल से बनी चीजों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### खास तरीके से किया डिजाइन

होल सेलर एके जैन ने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए प्लास्टिक से तैयार किसी भी सामग्री को रखने से बच रहे हैं। पहले ज्यादातर प्लास्टिक वर्क वाले तिरंगा बैच ही बिकते थे। इस सीजन में मुंबई से खास तरीके से डिजाइन किए गए बैच मंगाए गए हैं। इनकी कीमत भी 30 से 50 रुपए प्रति नग है। इससे लोग खरीदने में रुचि ले रहे हैं। मेटल वर्क वाले बैच को संभाल कर रख सकते हैं, यानी इसे लोग जहां-तहां नहीं फेकेंगे। एक बार खरीदने के बाद कई साल तक इसका इस्तेमाल खास मौके पर कर सकेंगे।

### रिस्ट बैंड व टेबल स्टैंड भी

आजादी के उत्सव को लोग रिस्ट बैंड बांधकर भी खास बना सकेंगे। इसके लिए कई तरह की डिजाइनर्स रिस्ट बैंड को कपड़े का उपयोग करके तैयार किया गया है। कारोबारियों ने बताया कि इस बार भी ब्रास व मेटल के साथ ही कपड़े की मदद से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करते टेबल में रखने खास तरह के स्टैंड डिजाइन किए गए हैं। इसे लोग ऑफिस ही नहीं कारों में भी रख सकेंगे। इसके खराब होने व टूट-फूट की संभावना भी कम होगी। करीब 400 की रेंज में मिलने से कार श्रृंगार करने वाले इसे बल्क में खरीदने के लिए आर्डर कर रहे हैं। लोग भी इसे पसंद कर रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेटर वेंकटेश मिले खेलमंत्री से



**रायपुर।** एक दिवसीय दौरे पर राजधानी रायपुर पहुंचे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट वेंकटेश प्रसाद ने छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान विशेष रूप से केनरा बैंक के जनरल मैनेजर अजीत कुमार मिश्रा, राजस्व सचिव अविनाश चंपावत और तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुरारका का विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में खेल को बढ़ावा देने चर्चा की। मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में पूरी सहायता राज्य सरकार की ओर से की जा रही है।

### अंतरसंस्थान बैडमिंटन में कई नामी खिलाड़ी दिखा रहे दमखम



**रायपुर।** अखिल भारतीय अंतरसंस्थान बैडमिंटन स्पर्धा राजधानी में खेली जा रही है। स्पर्धा का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। दलीय मुकाबलों के परिणाम में पुरुष वर्ग में के वी रमन (एयर फोर्स सिलेक्शन कंट्रोल बोर्ड) ने योगेश चौहान (भारत संचार निगम लिमिटेड) को 21-17,21-17 से, अभिजीत दुत्ता (भारत संचार निगम लिमिटेड) ने कुमार पल्लव (एयर फोर्स सिलेक्शन कंट्रोल बोर्ड) को 21-18,21-15 से हराया। विप्लव कुवले (एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) ने प्रेम सिंह चौहान (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-18,11-21,21-16 से हराया।

महिला वर्ग में मालविका बंसोड़ (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने ला यजूम (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-11,21-10 से, रसिका राजे (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने इशानी सावंत (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-7,21-9 से हराया। लीना धपरे (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) मनाली



सिंह (भारत संचार निगम लिमिटेड) को 21-16,16-21,21-5 से, वरदा दीक्षित (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) ने रानी सिंह (भारत संचार निगम लिमिटेड) को 21-8,21-15 से हराया।

पुरुष सेमी फाइनल में टीम चैम्पियनशिप रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भारत संचार निगम लिमिटेड को 3-0 से हराया। प्रियांशु राजावत (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने योगेश चौहान (भारत संचार निगम लिमिटेड) को 21-9,21-6 से, भास्कर चोएकबोर्ट (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने अभिजीत दत्ता (भारत संचार निगम लिमिटेड) को 21-13,21-7 से हराया।

पुरुष युगल में अंजान बुरागोहैन और रंजन बुरागोहैं (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) की जोड़ी ने अभिजीत दत्ता और अनिल कुमार (भारत संचार निगम लिमिटेड) की जोड़ी को 21-12,21-16 से हराया। टीम चैम्पियनशिप–पुरुष सेमी फाइनल में एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया को 3-1 से मात दी। विप्लव कुव्ले (एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) ने मयंक बेहाल (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-13,21-13 से, सृजन नंदलोरी (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) ने शुभम गुसाईं (एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) को 14-21,21-18,21-19 से, के मुरली कृष्णा (एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) ने कौशिक पल (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-18,21-16 से हराया। पुरुष युगल में अभिद्या सावंत और विप्लव कुव्ले (एम्प्लॉयएस स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) की जोड़ी ने कौशिक पल और मयंक बेहाल (फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) की जोड़ी को 21-17,21-12 से हराया। महिला फाइनल में टीम चैम्पियनशिप रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया को 3-0 से हराया।मालविका बांसोड़ (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने लीना ढापरे (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-3,21-4 से, रसिका राजे (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने वरदा दीक्षित (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) को 21-9,21-9 से हराया। महिला युगल में पूर्विषा एस राम और श्री कृष्ण प्रिय के (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) की जोड़ी ने श्रद्धा श्रीवास्तव और वरदा दीक्षित (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया) की जोड़ी को 21-14,21-13 से हराया।

### हाई ब्लड प्रेशर से बचना है तो कम करिए सोडियम, बढ़ाइए पोटेशियम की मात्रा

# शरीर में सोडियम-पोटेशियम का सही अनुपात रखेगा आपको सेहतमंद, बीपी रहेगा काबू में

हाई ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका खतरा लगभग सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। इसे हृदय रोगों, जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक की समस्या का भी प्रमुख कारण माना जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए प्रयास करते रहने चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इस रोग का जोखिम बढ़ गया है, विशेषकर आहार में सोडियम वाली चीजों की अधिकता को हाई ब्लड प्रेशर के लिए प्रमुख कारक माना जाता है। इससे बचाव के लिए न सिर्फ आहार को ठीक रखना जरूरी है साथ ही दिनचर्या में भी सुधार किया जाना आवश्यक हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सोडियम की अधिकता के कई दुष्प्रभाव हैं, पर इसके लिए पोटेशियम बड़ा तोड़ हो सकता है। पोटेशियम को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने से लेकर हृदय से संबंधित समस्याओं के जोखिम को कम करने तक के लिए लाभकारी पाया गया है। आप इसे अपने दैनिक आहार से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।



### सोडियम को करें कम, पोटेशियम की बढ़ाएं मात्रा

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक आहार में सोडियम की मात्रा को कम करने और पोटेशियम को बढ़ाने से आपको लाभ हो सकता है। आप जितना अधिक पोटेशियम वाली चीजें खाते हैं, उतना अधिक सोडियम आपके मूत्र के माध्यम से शरीर से बाहर होता है। इसके अलावा पोटेशियम आपकी रक्त वाहिका की दीवारों में तनाव को कम करने में भी मदद करता है, जिससे रक्तचाप को और कम करने में मदद मिल सकती है। 120/80 मिमी एचजी से ऊपर रक्तचाप वाले वयस्कों को आहार के माध्यम से रोजाना पोटेशियम प्राप्त करने की सलाह दी जाती है, ये आपको हृदय रोगों के खतरे से भी बचाने वाली हो सकती है।

### हृदय रोगों का बढ़ता जोखिम होगा कम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आहार में पोटेशियम वाली चीजों की मात्रा को बढ़ाकर कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। बढ़ते हृदय रोगों के खतरे से बचाने में भी इसके लाभ हो सकते हैं। हालांकि ध्यान रखें कि बहुत अधिक मात्रा में इसका सेवन करना भी नुकसानदायक हो सकता है। बहुत अधिक मात्रा में पोटेशियम के कारण मतली-उल्टी, पल्स रेट में अनियमितता, सांस की समस्या होने और पेट की दिक्कतों के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। इसलिए इसका संयमित मात्रा में ही सेवन किया जाना चाहिए।

### आहार से प्राप्त करें पोटेशियम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 18-50 वर्ष की आयु के पुरुषों के लिए रोजाना 3,400 मिलीग्राम और महिलाओं के लिए 2,600 मिलीग्राम पोटेशियम लेने की सलाह दी जाती है। डैश डाइट वाली चीजें, जैसे आहार में फल, सब्जियां, लो फैट वाली चीजें, डेयरी उत्पाद और मछली में प्राकृतिक रूप से पोटेशियम की अधिकता होती है। आप केले के सेवन से भी शरीर के लिए इस पोषक तत्व की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। एक मध्यम आकार के केले में लगभग 226 मिलीग्राम पोटेशियम होता है, ये ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए सबसे लाभकारी है।

### किन चीजों का करें सेवन

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, दैनिक आहार की कई चीजों से आसानी से पोटेशियम की पूर्ति की जा सकती है। पत्तेदार सब्जियां, फलियां, नट्स, डेयरी उत्पाद से आसानी से इसे प्राप्त किया जा सकता है। सूखे मेवे (किशमिश, खुबानी), दाल, आलू, पालक और ब्रोकली के साथ एवोकाडो भी आपके लिए इस पोषक तत्व की आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति करने में सहायक हैं।सभी लोगों को अपने आहार में इन चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए।



# खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीना कितना सही?

सेहतमंद रहने के लिए खाना और पानी दोनों ही जरूरी है। अक्सर खाने के टेबल पर पानी का गिलास हमारे सामने ही रहता है, या तो हम खाने के बीच-बीच में पानी पीते रहते हैं या खाना खत्म करते ही तुरंत गिलास भर के पानी पी लेते हैं। हममे से कई लोगों की यही आदत है। खाना खत्म हुआ नहीं कि हाथ पानी के गिलास की तरफ बढ़ जाता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि ऐसा करने से आपको नुकसान हो सकता है। आयुर्वेद में खाना खाने के बाद या बीच-बीच मे पानी पीना बहुत ही गलत बताया गया है। वहीं एक्सपर्ट भी इससे बचने की सलाह देते हैं। अब आपके मन में सवाल होगा कि आखिर इससे क्या नुकसान हो सकते हैं। तो आइए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। डायटीशियन प्रियंका जायसवाल इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

### खाना खाने के तुरंत बाद पानी क्यों नहीं पीना चाहिए?



खाना खाने के बाद तुरंत पानी पीने से पाचन तंत्र को काफी नुकसान हो सकता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि खाना पचने में करीब 2 घंटे का वक्त लगता है, जब खाना पच रहा होता है तो शरीर में ठोस और तरल पदार्थ का एक रेशियो बना होता है लेकिन अचानक से जब हम पानी पी लेते हैं तो ये रेशियो गड़बड़ा जाता है और खाना पचने वाला वक्त बढ़ जाता है। इसके अलावा खाना पचाने वाले जो एंजाइम होते हैं वो ज्यादा लिक्विड के कारण अपना काम ठीक से नहीं कर पाते हैं और ये लिक्विड हमारे डाइजेशन (पाचन तंत्र को हेल्दी रखने के उपाय) को नुकसान पहुंचाता है। वहीं जब खाना पच रहा होता है तो कुछ पोषक तत्व शरीर द्वारा अवशोषित कर लिए जाते हैं, लेकिन पानी पीने से ये प्रक्रिया बाधित होती है और बहुत कम पोषक तत्व शरीर अवशोषित कर पाता है।

### खाने के बाद तुरंत पानी पीने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं?

तुरंत पानी पीने से आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं। पाचन की क्रिया प्रभावित होती है तो शरीर में बिना पचा हुआ खाना भी रह जाता है जो बाद में फैट में बदल जाता है। इससे ब्लड शुगर लेवल की मात्रा बढ़ सकती है। इस स्थिति में डायबिटीज होने का खतरा बना रहता है। अपच,गैस और ब्लोटिंग(बलोटिंग से आराम पाने का नुस्खा) की समस्या भी हो सकती है।

### खाना खाने के कितनी देर बाद पानी पीना सही है?

एक्सपर्ट कहती हैं कि खाना खाने के एक घंटा पहले और खाना खाने के 30 से 45 मिनट बाद पानी पीना फायदेमंद होता है। खाना खाने से पहले पानी पीने से आप ओवरईटिंग से बचते हैं। साथ ही इससे शरीर भोजन के पोषक तत्वों को अवशोषित कर सकता है । हालांकि अगर आपको भोजन के दौरान पानी पीने की जरूरत महसूस होती है तो एक या दो घूंट पानी पिया जा सकता है जिससे खाना निगलने में आपको मदद मिले।



# वास्तु अनुसार घर के लिविंग एरिया में लगाएं पेंटिंग, बढ़ती जाएगी पॉजिटिविटी

लिविंग एरिया किसी भी घर में एक खास महत्व रखता है। घर के इस स्थान पर हम सभी अपनी फैमिली के साथ बैठकर एक अच्छा वक्त बिताते हैं। इतना ही नहीं, घर में आने वाला हर व्यक्ति लिविंग एरिया में ही बैठता है। ऐसे में जब यह स्थान खूबसूरत दिखता है तो आने वाले मेहमान के मन में भी पॉजिटिविटी आती है।

अमूमन हम सभी अपने लिविंग एरिया को सजाने के लिए तरह-तरह शोपीस आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस एरिया को डेकोरेट करने के लिए पेंटिंग्स को दीवार पर लगाना काफी अच्छा माना जाता है। आप भी यकीनन लिविंग एरिया को पेंटिंग्स की मदद से सजा सकती हैं।

### उत्तरमें लगाएं पानी के पोस्टर

जब आप अपने लिविंग एरिया को डेकोरेट कर रही हैं तो आप उसकी उत्तर दिशा में पानी के पोस्टर को लगा सकती हैं। इस दिशा में चलते हुए पानी, नदी, समुद्र या फिर तैरती हुई कश्ती आदि के पोस्टर व पेंटिंग्स आदि को लगा सकती हैं। इस तरह के पोस्टर लिविंग एरिया में पॉजिटिविटी लेकर आते हैं।

### पूर्व में लगाएं जंगल के पोस्टर

वहीं लिविंग एरिया की पूर्व दिशा में जंगल के पोस्टर लगाए जा सकते हैं। इस दिशा में हरे-भरे घास के मैदान या फिर रेनबो आदि के पोस्टर लगा सकते हैं। इस तरह के पोस्टर लगाने से आपका मन प्रफुल्लित होता है। अगर आप चाहें तो इस दिशा में धार्मिक चिन्ह जैसे ओम्‌ या स्वास्तिक आदि को लगा सकते हैं। लेकिन इस दौरान यह ध्यान रखें कि उस पोस्टर में भगवान की तस्वीर नहीं होनी चाहिए।



# इन राशि के लोगों को नहीं पहनना चाहिए काला धागा, बढ़ सकती हैं कई मुसीबतें



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुछ राशि के जातकों को काला धागा पहनने से बचना चाहिए। ये आपके लिए अशुभ हो सकता है। आइए जानते हैं कि किस राशि के जातकों को काला धागा नहीं पहनना चाहिए।

**मेष राशि :** मेष राशि के लोगों को काला धागा नहीं पहनना चाहिए। ये आपकी समस्याओं को बढ़ा सकता है। माना जाता है कि मेष राशि के स्वामी ग्रह मंगल है और काला धागा शनि और राहु से संबंधित होता है। ज्योतिष शास्त्र में शनि और मंगल के बीच अच्छे संबंध नहीं बताए गए हैं। ऐसे में काला धागा पहनने से आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**कर्क राशि:** कर्क राशि के लोगों को काला धागा पहनने से बचना चाहिए। बता दें कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा हैं, और शनि, राहु के बीच भी शत्रुता का भाव है। इसलिए कर्क राशि के लोगों को इसे नहीं पहनना चाहिए। काला धागा पहनने से आपका नुकसान हो सकता है। कहते हैं कि इसे पहनने से चंद्रमा का बल कमजोर होता है, जिससे मानसिक परेशानियां हो सकती है।

**सिंह राशि:** सिंह राशि के स्वामी सूर्य है, और इस राशि का तत्व अग्नि है। इन जातकों को भी काला धागा नहीं पहनना चाहिए। कुछ कथाओं में सूर्य और शनि को पिता पुत्र कहा गया है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र में इन्हें भी शत्रु माना जाता है। ऐसे में आप काला धागा पहनने से बचें। मान्यता है कि अगर बिना किसी सलाह के आप इसे धारण करते हैं, तो आपके आत्मविश्वास में कमी आती है।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों को काला धागा पहनने से परहेज करना चाहिए। माना जाता कि इस राशि के स्वामी सेनापति मंगल हैं। इन लोगों को कभी भी बिना किसी विचार के काला धागा नहीं पहनना चाहिए, अन्यथा धन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती है। साथ ही नकारात्मकता का भी वास हो सकता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
झुला New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ALLFINE
ए-वन मोटर्स
इ- रिक्शॉ एवं इ-कार्गो
रायपुर में पहली बार
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
डाउनपेमेंट 25000 से शुरू
RAJHANS

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड

## आज रिलीज होगा दायरा का 'जादू बस्तर' एक सांगीतक यात्रा




तैयार हो जाइए एक ऐसी संगीत यात्रा पर निकलने के लिए जो सीमाओं और बंधन से परे है। प्रसिद्ध हिंदी आर्ट-रॉक बैंड दायरा अपने नवीनतम एलबम ₹जादू बस्तर₹ को जारी करने तैयार है, जिसमें मुख्य गीत 'बैलाडीला-जादू बस्तर₹ 19 जुलाई को और बाकी एल्बम 26 जुलाई को रिलीज होगा। यह केवल एक एलबम रिलीज नहीं है, बल्कि एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है जिसमें एक डॉक्यूमेंट्री भी शामिल है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को तलाशने और संरक्षित करने के प्रति बैंड की प्रतिबद्धता और जूनून का प्रमाण है। यह एलबम छत्तीसगढ़ के बस्तर के मोहक परिदृश्यों और समृद्ध सांस्कृतिक बनावट को आदरांजलि देता है, जिसमें कि रहस्यपूर्णता और जादू की भावना को समाहित किया गया है। इस प्रयास के दौरान, दायरा को छत्तीसगढ़ प्रशासन की कुछ मुख्य हस्तियों जैसे राज्य के वित्तमंत्री और विधायक ओपी चौधरी, जन संपर्क निदेशालय के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव और पूर्व बस्तर कलेक्टर रजत बंसल से अद्वितीय समर्थन प्राप्त हुआ। श्री बंसल ने बैंड को आदिवासी भूमि से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में ₹बस्तर मानसून महोत्सव₹ परियोजना थी, जब दायरा के सदस्य पहली बार बस्तर के लोक संगीत और कलाकार से रूबरू हुए और अंततः इस जादुई परियोजना की शुरूआत हुई। ₹जादू बस्तर₹ मुंबई के आर्ट-रॉक बैंड 'दायरा' द्वारा की गई एक यात्रा से अस्तित्व में आया है, जब वे छत्तीसगढ़ के बस्तर के दल में गए थे। बस्तर, जो अपनी कला और संस्कृति के लिए जाना जाता है, अपने सांस्कृतिक खजाने को समय के साथ खोते हुए देख रहा है। ₹जादू बस्तर₹ का उद्देश्य संगीत और शोध के माध्यम से बस्तर की समृद्ध धरोहर का उसव मनाना है

### हॉलीवुड


## रयान ने फिल्म लेखकों को अपने वेतन से किया भुगतान



मार्वल के फैंस लंबे समय से 'डेडपूल और वूल्वरिन' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यूग जैकमैन की 'डेडपूल और वूल्वरिन' का निर्माण पिछले साल मई में शुरू हुआ था, लेकिन हॉलीवुड की हड़ताल के कारण इसमें देरी हो गई। इस फिल्म के पोस्टर और टीजर ने प्रशंसकों के उत्साह को बरकरार रखा है। अब डेडपूल स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने खुलासा किया है कि स्क्रीन राइटर को सेट पर रखने के लिए अपनी जेब से पैसे खर्च करने पड़े थे। रयान रेनॉल्ड्स ने हाल ही में, एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने इसे बनाने में एक काफी समय लगाया है। यही नहीं, फिल्म के लिए रेनॉल्ड्स को अपनी सैलरी से भी पैसे खर्च करने पड़े थे। अभिनेता ने कहा, ₹जब डेडपूल को हरी झंडी मिल गई, तो मैंने कभी भी यह नहीं सोचा था कि यह कभी पूरी होगी। मैंने फिल्म के लिए अपने पैसे भी छोड़ दिए थे। राइटर्स के आने भी पाबंदी थी। सेट पर मेरे पास जो भी कुछ पैसे बचे थे। वह मैंने उन्हें दिए, जिससे कि हम एक राइटर रूम बना सकें।₹ रयान ने अपनी इस परिस्थिति को एक सबक के तौर पर लिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि फिल्म को पूरा करने के लिए न तो पैसा था और न ही समय। उसके बाद भी उन्होंने फिल्म की हर छोटी-बड़ी चीजों पर पैसा लगाया है।

### टॉलीवुड

## विष्णु मांचू ने उठाया 'कन्नप्पा' की रिलीज की तारीख से पर्दा!



'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं और लगातार बड़ी जानकारियां साझा कर रहे हैं। फिल्म को लेकर विष्णु ने बड़ा एलान किया है। आखिरकार अभिनेता ने फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। आज गुरुवार, 18 जुलाई को विष्णु मांचू ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्म 'कन्नप्पा' की रिलीज की घोषणा की। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए यह जानकारी दी कि फिल्म दिसंबर 2024 में रिलीज होगी। 'कन्नप्पा' एक पौराणिक फिल्म है, जो पूरी होने वाली है। मई में फिल्म का टीजर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। बाद में 14 जून को भारत में टीजर रिलीज किया गया और इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विष्णु मांचू ने एक्स पर 'कन्नप्पा' की रिलीज की घोषणा की। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'दिसंबर 2024 कन्नप्पा, हर हर महादेव।' वहीं फिल्म की कहानी की बात करें तो 'कन्नप्पा' एक पौराणिक काल्पनिक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुकेश कुमार ने किया है। यह फिल्म हिंदू भगवान शिव के कट्टर भक्त कन्नप्पा नामक व्यक्ति की कहानी पर आधारित है। 'कन्नप्पा' का टीजर एक्शन से भरपूर था। 'कन्नप्पा' की पटकथा विष्णु मांचू ने लिखी है और कहानी का निर्माण परुचुरी गोपाल कृष्ण, ईश्वर रेड्डी, जी नागेश्वर रेड्डी और थोटा प्रसाद ने मिलकर किया है। फिल्म में मोहन बाबू, सरथकुमार, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, मधु और प्रीति मुखुनदन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे।

### पेरिस की रौनक

लाइफ स्टाइल



पेरिस फैशन वीक में डायर कैटवॉक शो पर सभी की निगाहें है। इसके लिए अंतराष्ट्रीय डिजाइनर प्रमुख फैशन उद्योग के दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं और कई प्रमुख फैशन हाउस नए डिजाइनरों का भी इंतजार कर रहे हैं। इसलिए पेरिस फैशन वीक निश्चित रूप से अपने खास पहलू के साथ आएगा। पेरिस के साथ-साथ मिलान को प्रभावित करने वाले डिजाइनरों की वर्तमान उथल-पुथल, फ्रांसीसी राजधानी में कुछ सुर्खियाँ बटोरने की संभावना है।

## सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का जरूर करें इस्तेमाल

सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं।

इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-



### खीरे और गुलाब जल का करें उपयोग

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है।

सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।

### खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल

खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। साथ ही, इसमें मौजूद एसिड स्किन से सन टैन को हटाता है। सबसे पहले आप खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ें और फिर उसे मिक्स करें। अब आप एक कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। कुछ देर तक ऐसे ही छोड़ दें और फिर स्किन को साफ करें। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप नींबू के रस की जगह टमाटर के रस का इस्तेमाल करें।

### खीरे और एलोवेरा जेल का करें उपयोग

जब खीरे और एलोवेरा जेल को मिक्स किया जाता है तो इससे सन टैन से काफी राहत मिलती है।

सबसे पहले खीरे को धोकर छील व काट लें। अब खीरे के टुकड़ों को ब्लेंड करें। जब यह पेस्ट बन जाए तो इसमें थोड़ा सा एलोवेरा जेल डालकर मिक्स करें। अब इसे अपने सनटैन एरिया पर लगाएं और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। करीबन 15-20 मिनट बाद पानी की मदद से अपनी स्किन को साफ करें।

## खास दिखने साड़ी के साथ ऐसे करें ब्लाउज को स्टाइल


फैशन

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।

सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।



### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

### स्लीवलेस ब्लाउज डिजाइन


इंडो-वेस्टर्न या मॉडर्न लुक लुक पाना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी के साथ इस तरीके का स्लीवलेस ब्लाउज आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की नेकलाइन को आप साटन से लेकर शिफॉन जैसी कई लाइट वेट साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

## मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय नहीं करनी चाहिए ये छोटी-छोटी गलतियां

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए।

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।



### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर (रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

## प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

प्याज का रस बालों में लगाने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। हालांकि, इन्हें अपने बालों में लगाते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखें।हम सभी किसी ना किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम का सामना कर रहे हैं। बालों के झड़ने से लेकर उनका पतला होना व डैंड्रफ आदि कई तरह की प्रॉब्लम्स होती हैं। यूं तो मार्केट में कई तरह हेयर प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं। लेकिन नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करने से आपको किसी तरह का नुकसान होने का खतरा काफी कम हो जाता है। इन्हीं में से एक है प्याज का रस।



### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

### करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा। एक बार प्याज का रस एक छोटे से एरिया पर लगाने के बाद आप कम से कम 24 घंटे इंतजार करें जिससे कि कोई नेगेटिव रिएक्शन न हो।

कार्नर न्यूज

### बूट्स से दमदार दिखता है आपका व्यक्तित्व, जरूरी टिप्स पर भी दें ध्यान

## बूट्स होना चाहिए जींस के साथ मैचिंग जानिए इन्हें पहनने के तौर-तरीके

*बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।*




### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें



कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

### बूट्स और मोजों की मैचिंग

आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे (**Ankle Length Socks**) पहनें। ऐसे सॉक्स न पहने, जो कि जूते से बाहर दिखाई पड़े।